# विषयवार अभ्यास प्रश्न

# राष्ट्रीय आय

**1.** राष्ट्रीय आय का अर्थ है-

(a) किसी देश में उत्पादित वस्तु एवं सेवायें।
(b) किसी वित्तीय वर्ष में उत्पादित वस्तुएं एवं सेवायें।
(c) किसी देश में उत्पादित अन्तिम वस्तुएं एवं सेवायें।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**2.** राष्ट्रीय आय मापने की सबसे उपयुक्त विधि है—

(a) सकल घरेलू उत्पाद बाज़ार कीमत पर
(b) सकल राष्ट्रीय उत्पाद साधन कीमत पर
(c) शुद्ध राष्ट्रीय उत्पाद साधन कीमत पर
(d) शुद्ध घरेलू उत्पाद बाज़ार कीमत पर

**3.** निम्नलिखित में से कौन सा कथन असत्य है?

1. राष्ट्रीय आय की गणना सर्वप्रथम दादा भाई नौरोजी ने की।
2. राष्ट्रीय आय की वैज्ञानिक गणना करने का श्रेय परो. वी.के. आर. वी. राव को जाता है।
3. राष्ट्रीय आय की प्रथम गणना में भारत की प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय ₹ 40 आंकी गयी।
4. 'राष्ट्रीय आय समिति' का गठन अगस्त 1947 में किया गया।

**कूटः**

(a) 1, 3 (b) 3, 4
(c) 3, 4, 1 (d) 2, 3, 4

**4.** सकल घरेलू उत्पाद की अवधरणा में 'घरेलू सीमा' के अन्तर्गत कौन-से क्षेत्र सम्मिलित नहीं है?

1. विदेशों में स्थित दूतावास एवं सैनिक अड्डे
2. विदेशों में स्थित भारतीय संस्कृति के मंदिर
3. दो या दो से अधिक देशों के मध्य 'सीमा विवाद क्षेत्र'
4. सामुद्रिक सीमा

**कूटः**

(a) 1, 2, 3 (b) 1, 4
(c) 2, 3, 4 (d) 2, 3

**5.** शुद्ध घरेलू उत्पाद है-

(a) GDP – डेप्रिसियेशन = NNP
(b) GNP – डेप्रिसियेशन = NDP
(c) GDP – डेप्रिसियेशन = NDP
(d) GNP – डेप्रिसियेशन = NNP

**6.** भारत में तृतीयक क्षेत्र से निम्न में से कौन संबंधित है?

1. खनन, उत्खनन और बीमा
2. रीयल स्टेट, व्यापार सेवाएं, निर्माण
3. वित्त, बीमा, रीयल स्टेट, होटल
4. व्यापार, होटल, परिवहन, विनिर्माण

**कूटः**

(a) 2, 4 (b) 1, 3 (c) 4, 2, 3 (d) 3

**7.** वर्ष 1980 से भारत के सकल घरेलू उत्पाद में तृतीय क्षेत्र की हिस्सेदारी—

(a) में बढ़ने की प्रवृत्ति दर्शायी है।
(b) में घटने की प्रवृत्ति दर्शायी है।
(c) स्थिर बनी रहती है।
(d) घटती-बढ़ती रही है।

**8.** भारत में द्वितीयक क्षेत्र में सम्मिलित हैं—

1. खनन एवं उत्खनन
2. व्यापार, निर्माण एवं विनिर्माण
3. बिजली, गैस एवं जल आपूर्ति
4. निर्माण, संचार, रियल स्टेट

**कूटः**

(a) 1, 3, 4 (b) 1, 3
(c) 1, 4, 2 (d) 2, 3, 4

**9.** 1868 में भारत में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय ₹ 20 थी। यह सर्वप्रथम सुनिश्चित किसने किया था?

(a) आर.सी. दत्त (b) शिराज
(c) वाडिया और जोशी (d) दादा भाई नौरोजी

**10.** वर्तमान में राष्ट्रीय आय की गणना का आधार वर्ष है-

(a) 1999 – 2000 (b) 2002 – 03
(c) 2011 – 12 (d) 2006 – 07

**11.** सी.एस.ओ. की स्थापना वर्ष-

(a) 2 मई, 1951 (b) 2 मार्च, 1952
(c) 2 मई, 1953 (d) 2 मार्च, 1954

**12.** श्वेत पत्र जारी करता है-

(a) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन
(b) राष्ट्रीय सांख्यिकी सर्वेक्षण संगठन
(c) केंद्रीय सांख्यिकी संगठन
(d) उपरोक्त सभी।

**13.** निम्न में से भारत में राष्ट्रीय आय के आंकड़े जारी करने वाला संगठन है-

(a) योजना आयोग
(b) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण
(c) राष्ट्रीय सांख्यिकी संगठन
(d) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन

14. व्यय योग्य आय का अर्थ है-

(a) व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर = निजी आय
(b) व्यक्तिगत आय – कर = प्रयोज्य आय
(c) व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर = प्रति पूँजी आय
(d) व्यक्तिगत आय – प्रत्यक्ष कर = प्रयोज्य आय

15. प्रति व्यक्ति आय है-

(a) $\frac{\text{कुल उत्पादन}}{\text{कुल जनसंख्या}}$ (b) $\frac{\text{कुल आय}}{\text{कुल जनसंख्या}}$
(c) $\frac{\text{कुल लागत}}{\text{कुल जनसंख्या}}$ (d) $\frac{\text{कुल जनसंख्या}}{\text{कुल आय}}$

16. भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) में नीचे दिये गये भिन्न क्षेत्रों के योगदान का कौन-सा ह्रासमान क्रम है-

(a) सर्विस → उद्योग → कृषि
(b) सर्विस → कृषि → उद्योग
(c) उद्योग → सर्विस → कृषि
(d) उद्योग → कृषि → सर्विस

17. दादा भाई नौरोजी की पुस्तक का नाम-

(a) *भारत में गरीबी और ब्रिटिश शासन*
(b) *भारत में बेरोज़गारी और अनब्रिटिश*
(c) *पावर्टी एण्ड अन ब्रिटिश रूल इन इण्डिया*
(d) *भारत में गरीबी और बेरोज़गारी*

18. स्थिर मूल्य के लिए सर्वाधिक आवश्यक तत्व है-

(a) आधार वर्ष
(b) वस्तुओं और सेवाओं की साधन कीमत
(c) वस्तुओं एवं सेवाओं की बाज़ार कीमत
(d) उपरोक्त सभी

19. निम्न में से बचत का सही प्रस्तुतीकरण है-

(a) $S + C = Y$ (b) $Y - C = S$
(c) $Y - S = C$ (d) उपरोक्त सभी

20. जैसे-जैसे अर्थव्यवस्था विकसित होती है, राष्ट्रीय आय में तृतीयक क्षेत्र का अंश-

(a) पहले घटता है, तत्पश्चात बढ़ता है
(b) पहले बढ़ता है, तत्पश्चात घटता है
(c) बढ़ता जाता है
(d) स्थिर रहता है

21. $GDP_{FC}$ पर ?

(a) GDP में अप्रत्यक्ष कर घटाकर और सब्सिडी जोड़कर
(b) GDP में मूल्यह्रास भत्ते घटाकर
(c) NNP में मूल्यह्रास भत्ते जोड़कर
(d) GDP में सब्सिडी घटाकर और अप्रत्यक्ष कर जोड़कर

22. प्रति व्यक्ति आय निकालने के लिए राष्ट्रीय आय को भाग किया जाता है-

(a) देश की वर्तमान जनसंख्या से
(b) वर्तमान कार्यशील जनसंख्या से
(c) देश के क्षेत्रफल से
(d) प्रयुक्त पूँजी के परिमाण से

23. देश के लिए राष्ट्रीय आय का पहला अनुमान किसने तैयार किया था ?

(a) केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन
(b) राष्ट्रीय आय समिति
(c) दादाभाई नौरोजी
(d) राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन

24. राष्ट्रीय आय की गणना करते समय निम्नलिखित में से किसको शामिल किया जाता है ?

(a) गृहिणियों की सेवाएँ (b) पेंशन
(c) तस्करों की आय (d) चौकीदार की आय

25. GNP से NNP निकालने के लिए निम्न में किसको घटाया जाता है ?

(a) ह्रास (b) ब्याज
(c) कर (d) सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (d) | **5.** (c) | **6.** (d) | **7.** (a) | **8.** (b) | **9.** (d) | **10.** (c) |
| **11.** (a) | **12.** (c) | **13.** (d) | **14.** (d) | **15.** (b) | **16.** (a) | **17.** (c) | **18.** (a) | **19.** (b) | **20.** (c) |
| **21.** (a) | **22.** (a) | **23.** (c) | **24.** (d) | **25.** (a) | | | | | |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# मुद्रास्फीति

1. मुद्रास्फीति का अर्थ है-
   (a) वस्तुओं और सेवाओं के मूल्यों में वृद्धि
   (b) वस्तुओं और सेवाओं के सामान्य मूल्यों में सतत वृद्धि
   (c) मांग के बढ़ने पर पूर्ति का भी बढ़ना
   (d) उपरोक्त सभी

2. सामान्य कीमत स्तर एवं मुद्रा की क्रय क्षमता के मध्य सम्बन्ध होता है-
   (a) विपरीत (b) अनुकूल
   (c) a और b दोनों (d) कोई नहीं

3. लागत प्रेरित स्फीति का अर्थ है-
   (a) श्रम का मंहगा होना।
   (b) पेट्रोल और डीज़ल के मूल्यों में वृद्धि।
   (c) कच्चे माल का महंगा होना।
   (d) वृद्धिमान पूंजी निर्गत अनुपात।

4. निम्नलिखित शब्दावलियों को सुमेलित कीजिए-

| | |
|---|---|
| A. हाइपर मुद्रास्फीति | 1. वृद्धि दर स्थिर एवं मुद्रास्फीति में वृद्धि |
| B. स्टैगफ्लेशन | 2. कीमतों में बहुत धीमी वृद्धि |
| C. मंद मुद्रास्फीति | 3. दौड़ती मुद्राफीति एवं मंद मुद्रास्फीति के मध्य की स्थिति |
| D. गैलोपिंग स्फीति | 4. प्रचलित मुद्रा से विश्वास उठना |

**कूट:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 3 | 2 |
| (b) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 4 | 2 | 1 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 2 | 3 |

5. निम्न में से कौन स्क्यूफ्लेशन के संदर्भ में असत्य कथन है?
   (a) स्क्यूफ्लेशन की स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था में देखने को मिलती है।
   (b) मुद्रास्फीति + अपस्फीति = स्क्यूफ्लेशन
   (c) स्क्यूफ्लेशन में खाद्यान्न सामाग्री में मुद्रास्फीति होती है।
   (d) समग्र मुद्रास्फीति की दर में तीव्रता से गिरावट होती है

6. मुद्रास्फीति के कारणों को प्राथमिकता के आधार पर क्रमबद्ध कीजिए-
   1. आय में वृद्धि
   2. रोजगार में वृद्धि
   3. अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी के प्रतिशत में कमी
   4. औद्योगीकरण
   5. वस्तुओं की मांग में वृद्धि

   **कूट:**
   (a) 1, 2, 3, 5, 4 (b) 1, 2, 5, 3, 4
   (c) 4, 2, 3, 1, 5 (d) 2, 3, 4, 1, 5

7. नई थोक मूल्य सूचकांक (NWPI) के संदर्भ में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
   1. NWPI में प्राथमिक वस्तुओं का प्रतिशत सर्वाधिक है।
   2. NWPI में विनिर्मित वस्तुओं का भारांश सर्वाधिक है।
   3. NWPI में 30 पुरानी वस्तुओं के स्थान पर 250 नये उत्पाद शामिल किये गये।
   4. NWPI की अनुशंसा 'अभिजीत सेन गुप्ता' समिति द्वारा की गयी।
   (a) 2, 3, 4 (b) 2, 4
   (c) 1, 3, 4 (d) 4, 1, 2

8. मूल्य सूचकांक = 100 का अर्थ है-
   (a) यह वस्तुओं की बढ़ी हुई कीमतों को मापता है।
   (b) यह वस्तुओं की घटी हुई कीमतों को मापता है।
   (c) यह वस्तुओं के औसत मूल्य में परिवर्तन को मापता है।
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

9. नया उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (NCPI) के संदर्भ में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
   1. CPI में वस्तुओं के साथ-साथ सेवाओं को भी शामिल किया जाता है।
   2. CPI मुद्रास्फीति के प्रभावों को मापने में सक्षम है।
   3. CPI का आधार वर्ष 2004 – 05 है।
   4. CPI के अन्तर्गत केवल औद्योगिक श्रमिक आते हैं।

   **कूट:**
   (a) 2, 1 (b) 1, 2
   (c) 2, 1, 4 (d) 1, 2, 4

10. शहरी क्षेत्र के CPI की गणना कौन करता है?
    (a) एन.एस.एस.ओ. (b) पोस्ट ऑफिस
    (c) सी.एस.ओ. (d) एन.एस.एस.

11. मुद्रास्फीति के सकारात्मक प्रभावों को क्रमबद्ध कीजिए-
    1. निवेश में वृद्धि
    2. रहन-सहन के स्तर में वृद्धि
    3. उत्पादन में वृद्धि
    4. रोजगार में वृद्धि
    5. कीमतों में वृद्धि के कारण व्यापारिक वर्ग को लाभ।
    (a) 1, 2, 3, 4, 5 (b) 5, 1, 4, 3, 2
    (c) 5, 1, 2, 3, 4 (d) 5, 1, 3, 4, 2

12. विकासशील अर्थव्यवस्था में स्फीति सकारात्मक प्रभाव डालती है जब-
    (a) उत्पादन में वृद्धि हो।
    (b) मांग में वृद्धि हो।

(c) मुद्रास्फीति की दर जीडीपी की वृद्धि दर के बराबर हो।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**13.** मुद्रास्फीति का प्रमुख कारण है-
(a) लागत जनित स्फीति (b) मांग जनित स्फीति
(c) a और b दोनों (d) न तो a और न ही b

**14.** मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाता है-
1. प्रत्यक्ष करों में वृद्धि कर।
2. सार्वजनिक ऋणों में वृद्धि कर।
3. सार्वजनिक व्यय में वृद्धि कर।
4. बैंक दर में वृद्धि कर
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 2, 3, 4
(c) 1, 2, 4 (d) 1, 3, 4

**15.** निम्न में से मुद्रास्फीति के नियंत्रण में भारतीय रिज़र्व बैंक के विफल होने का प्रमुख कारण हैं-
(a) तेल की कीमतों पर नियंत्रण न होना।
(b) मांग के सापेक्ष को न बढ़ा पाना।
(c) दोषपूर्ण वितरण प्रणाली
(d) उपरोक्त सभी

**16.** बैंक रेट में वृद्धि दर्शाती है-
(a) तरलता में वृद्धि। (b) ब्याज दरों में वृद्धि।
(c) ब्याज दरों में कमी। (d) मुद्रास्फीति में वृद्धि।

**17.** निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
(a) वस्तुओं और सेवाओं के मूल्य में तीव्र गिरावट—'**मुद्रा संकुचन**' की स्थिति कहलाती है।
(b) मुद्रा संकुचन के प्रभावों को दूर करने के लिए सरकार '**मुद्रा संस्फीति**' को अपनाती है।
(c) वस्तुओं की पूर्ति की तुलना में मांग का कम होना '**मंदी**' कहलाता है।
(d) मुद्रास्फीति पर नियंत्रण राजकोषीय नीति से संभव नहीं।

**18.** 1 अप्रैल 2014 से द्विमासिक मौद्रिक नीति की परंपरा किस समिति की सिफारिश पर शुरू की गयी है?
(a) वाई. वी. रेड्डी (b) रंगराजन समिति
(c) रघुराम राजन (d) उर्जित पटेल

**19.** सीआरआर में वृद्धि, अर्थव्यवस्था पर क्या प्रभाव डालेगी?
(a) तरलता में वृद्धि।
(b) बैंकों की ऋण देने की क्षमता में वृद्धि।
(c) बैंकों की ऋण देने की क्षमता में कमी।
(d) उपरोक्त में से कोई नही

**20.** महंगी मुद्रा नीति से तात्पर्य है-
(a) ब्याज दरों में वृद्धि।
(b) ब्याज दरों में कमी
(c) सार्वजनिक ऋण में कमी
(d) घाटे की वित्त व्यवस्था अपनाना

**21.** घाटे की वित्त व्यवस्था का क्या प्रभाव पड़ेगा?
(a) तरलता में कमी होगी।
(b) तरलता में वृद्धि होगी।
(c) मुद्रास्फीति में कमी होगी।
(d) बैंकों द्वारा ब्याज दरों में वृद्धि होगी।

**22.** मौद्रिक नीति का प्रमुख कार्य है-
(a) तरलता में वृद्धि
(b) तरलता का समायोजन
(c) तरलता में कमी
(d) बैंकों को सीतिम दर से ऋण उपलब्ध कराना।

**23.** बैंक दर है-
(a) जिस दर पर जनता, सरकार को ऋण उपलब्ध कराती है।
(b) जिस दर पर बैंक, जनता को ऋण उपलब्ध कराते हैं।
(c) जिस दर विदेशी बैंक, विकासात्मक योजनाओं के लिये ऋण देते हैं।
(d) जिस दर पर आरबीआई, व्यापारिक बैंकों को ऋण उपलब्ध कराता है।

**24.** राजकोषीय नीति में शामिल है-
(a) करारोपण (b) सार्वजनिक व्यय
(c) सार्वजनिक ऋण (d) उपरोक्त सभी

**25.** LAF सम्मिलित रूप है-
(a) रेपो दर (b) बैंक दर
(c) रिवर्स रेपो दर (d) a और c

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (a) | **3.** (d) | **4.** (d) | **5.** (d) | **6.** (c) | **7.** (b) | **8.** (c) | **9.** (b) | **10.** (a) |
| **11.** (b) | **12.** (c) | **13.** (c) | **14.** (c) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (d) | **18.** (d) | **19.** (c) | **20.** (a) |
| **21.** (b) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (d) | **25.** (d) | | | | | |

** कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# मुद्रा एवं बैंकिंग

1. 'मुद्रा स्वयं मुद्रा का निर्माण करती है'—यह परिभाषा किसने प्रस्तुत की?
   (a) मार्शल (b) क्राउथर
   (c) क्रोउमर (d) हैन्सम

2. ऐसी विदेशी मुद्रा जिसमें शीघ्र पलायन कर जाने की प्रवृत्ति हो, कहलाती है-
   (a) हार्ड मनी (b) सॉफ्ट मनी
   (c) हॉट मनी (d) टोकन मनी

3. हवाला क्या है?
   (a) किसी विषय की पूर्ण जानकारी
   (b) विदेशी मुद्रा विनिमय का अवैध कारोबार
   (c) शेयर बाज़ार में प्रतिभूतियों का अवैध लेन-देन
   (d) कर चोरी

4. दुर्लभ एवं सुलभ मुद्रा के मध्य अन्तर-
   (a) मांग ↑ आपूर्ति ↓ = दुर्लभ मुद्रा, मांग ↓ आपूर्ति ↑ = नरम मुद्रा
   (b) मांग ↓ आपूर्ति ↑ = दुर्लभ मुद्रा, मांग ↑ आपूर्ति ↓ = नरम मुद्रा
   (c) मांग ↑ आपूर्ति ↓ = दुर्लभ मुद्रा, मांग ↑ आपूर्ति ↑ = नरम मुद्रा
   (d) मांग ↑ = आपूर्ति ↓ = दुर्लभ मुद्रा, मांग ↑ = आपूर्ति ↓ = नरम मुद्रा

5. अभी हाल ही में भारतीय रिज़र्व बैंक ने किन दो निजी कम्पनियों को बैंक खोलने के लाइसेन्स दिये हैं?
   (a) आई.डी.एफ.सी.
   (b) बन्धन फाइनेंशियल सर्विसेज
   (c) कोटेक महिंद्रा लिमिटेड
   (d) a और b दोनों

6. 'सुलभ मुद्रा' से अभिप्राय है-
   (a) देश की मुद्रा का अंतर्राष्ट्रीय बाज़ारों में आसानी से उपलब्ध होना
   (b) उद्योग एवं व्यवसायओं और उपभोक्ताओं को कम ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध होना
   (c) उद्योग एवं व्यवसायों और उपभोक्ताओं को अधिक ब्याज दरों पर ऋण उपलब्ध होना
   (d) उपरोक्त सभी

7. किन देशों की मुद्रा प्रायः 'हार्ड करेन्सी' कहलाती है?
   (a) विकसित देशों की (b) अल्पविकसित देशों की
   (c) विकासशील देशों की (d) अविकसित देशों की

8. सरकार द्वारा पुरानी मुद्रा को चलन से समाप्त कर नई मुद्रा चलाना कहलाता है-
   (a) अवमूल्यन (b) विमुद्रीकरण
   (c) अपस्फीति (d) डीकेपीटालाइज़ेशन

9. निम्नलिखित में से मुद्रा आपूर्ति की सर्वाधिक तरल माप है-
   (a) $M_1$ (b) $M_2$ (c) $M_3$ (d) $M_4$

10. निम्न में से किसे मुद्रा आपूर्ति का सर्वाधिक 'विस्तृत स्वरूप' है?
   (a) $M_1$ (b) $M_2$ (c) $M_3$ (d) $M_4$

11. मुद्रा आपूर्ति की माप $M_3$ में किसे सम्मिलित नहीं किया जाता है?
   (a) जनता के पास नकद मुद्रा
   (b) डाकखानों की मांग जमाये
   (c) बैंकों की सावधि जमा
   (d) बैंकों की मांग जमा

12. निम्न में से किसके द्वारा भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि होती है?
   (a) पैसे का अवमूल्यन
   (b) प्रत्यक्ष विदेशी निवेश
   (c) निर्यात में वृद्धि
   (d) उपरोक्त सभी

13. भारतीय मुद्रा 'रूपया' की आधिकारिक विनियम दर संबंधित है-
   (a) पाउन्ड से
   (b) डॉलर से
   (c) एस.डी.आर. से
   (d) चुनी हुई विदेशी मुद्राओं के समूह से

14. निम्न में से कौन सा शब्द बैंकिंग शब्दावली नहीं हैं?
   (a) ओवर ड्राफ्ट
   (b) माइकर कोड
   (c) सीटीएस-2010
   (d) डीवैल्यूएशन

15. काला धन की सबसे मान्य परिभाषा है-
   (a) यह गैर कानूनी आय है।
   (b) यह बिना बतायी गयी एवं छिपायी गई आय है।
   (c) यह ऐसी आय है जिसका कोई कानूनी रिकार्ड नही।
   (d) यह वह आय है जिस पर कर नहीं दिया गया है।

16. भारतीय रिज़र्व बैंक है-
   (a) कामर्शियल बैंक (b) को-ऑपरेटिव बैंक
   (c) सेन्ट्रल बैंक (d) लीड बैंक

17. भारतीय रिज़र्व बैंक का राष्ट्रीयकरण कब हुआ?
   (a) 1945 (b) 1947 (c) 1949 (d) 1950

18. भारतीय रिज़र्व बैंक के 'केंद्रीय निदेशक मंडल' में सदस्यों की संख्या है-
   (a) 18 (b) 20 (c) 22 (d) 24

19. भारत के विदेशी विनियम संचय का प्रतिरक्षक है–

(a) विदेश मंत्रालय
(b) वित्त मंत्रालय
(c) एसबीआई
(d) आरबीआई

20. किस भारतीय राज्य में भारतीय रिज़र्व बैंक के दिशा-निर्देश के माध्यम से वित्तीय लेन-देन नहीं होता?

(a) सिक्किम
(b) गोवा
(c) अरूणांचल प्रदेश
(d) जम्मू और कश्मीर

21. भारतीय रिज़र्व बैंक के संदर्भ में सही कथन का चुनाव करें–

1. यह देश का केन्द्रीय बैंक है।
2. यह मुद्रा आपूर्ति को नियंत्रित करता है।
3. यह व्यापारिक घरानों को ऋण प्रदान करता है।
4. यह नाबार्ड के लिए वित्त का प्रबन्ध करता है।

कूटः

(a) 1 और 2 (b) 2 और 4
(c) 1, 2 और 3 (d) 1, 2 और 4

22. भारतीय रिज़र्व बैंक के 'नोट निर्गमन विभाग' के पास हर समय कम से कम कितने मूल्य का स्वर्ण कोष रहना चाहिए?

(a) 85 करोड़ (b) 115 करोड़
(c) 200 करोड़ (d) 300 करोड़

23. 1 रूपये के नोट पर किसके हस्ताक्षर होते हैं?

(a) वित्त सचिव, भारत सरकार
(b) वित्त मंत्री, भारत सरकार
(c) उप वित्त मंत्री, भारत सरकार
(d) गवर्नर, भारतीय रिज़र्व बैंक

24. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए–

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. करेन्सी नोट प्रेस | 1. मुंबई, कोलकत्ता, हैदराबाद, नोएडा |
| B. बैंक नोट प्रेस | 2. होशंगाबाद (मध्य प्रदेश) |
| C. सिक्यूरिटी प्रिंटिंग प्रेस | 3. देवास (मध्य प्रदेश) |
| D. इंडियन मिंट | 4. नासिक (महाराष्ट्र) |

कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

25. पी-नोट्स जारी किया जाता है–

(a) एफआईआई (FII) द्वारा
(b) भारत सरकार द्वारा
(c) भारतीय निजी बैंकों द्वारा
(d) सेज द्वारा

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (a) | **5.** (d) | **6.** (a) | **7.** (a) | **8.** (b) | **9.** (a) | **10.** (c) |
| **11.** (b) | **12.** (d) | **13.** (d) | **14.** (d) | **15.** (d) | **16.** (c) | **17.** (c) | **18.** (b) | **19.** (d) | **20.** (d) |
| **21.** (d) | **22.** (b) | **23.** (a) | **24.** (d) | **25.** (a) | | | | | |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# विदेशी व्यापार

1. वर्तमान में रूपये की परिवर्तनियता का अर्थ है कि-
   (a) रूपया सभी प्रकार के लेन-देन के लिए विदेशी मुद्रा में परिवर्तनीय है।
   (b) रूपया सभी प्रकार के व्यापार के लिए विदेशी मुद्रा में परिवर्तनीय है।
   (c) रूपया सभी प्रकार के चालू व्यवहारों के लिए विदेशी मुद्रा में परिवर्तनीय है।
   (d) रूपया सभी प्रकार के पूंजीगत व्यवहारों के लिए विदेशी मुद्रा में परिवर्तनीय है।

2. भुगतान संतुलन में सन्निहित होता है-
   (a) दृश्य व्यापार (b) अदृश्य व्यापार
   (c) ऋण (d) उपरोक्त सभी

3. एक देश अपनी मुद्रा के अवमूल्यन का सहारा लेता है-
   (a) व्यापार शेष को ठीक करने के लिए
   (b) आयातित वस्तुओं तथा सेवाओं की लागत को ठीक करने के लिए
   (c) देश में मुद्रास्फीति की प्रवृत्ति को कम करने के लिए
   (d) उपरोक्त सभी के लिए

4. भारतीय रूपये को परिवर्तनीय बनाया गया है-
   (a) चालू खाते में 1 मार्च, 1993 को
   (b) चालू खाते में अगस्त, 1994 में
   (c) पूंजीगत खाते में अगस्त, 1994 में
   (d) चालू खाते में अप्रैल, 1995 में

5. भारत में रूपये का अवमूल्यन पहली बार किस वर्ष किया गया? वह था-
   (a) 1949 (b) 1966 (c) 1972 (d) 1990

6. मुद्रा अवमूल्यन का अर्थ है-
   (a) अंतर्राष्ट्रीय व्यापार में प्रयुक्त प्रमुख मुद्राओं के सापेक्ष जानबूझकर मुद्रा के मूल्य में कमी
   (b) अंतर्राष्ट्रीय बाज़ार में मुद्रा को अपना स्तर ढूंढने की अनुमति
   (c) आई.एम.एफ. तथा विश्व बैंक की सहायता से मुद्रा का मूल्य निर्धारण
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

7. जब कोई देश अपनी मुद्रा का अवमूल्यन करता है, तो इसका प्रभाव होता है कि-
   (a) आयात सस्ते हो जाते हैं एवं निर्यात महंगे।
   (b) आयात महंगे हो जाते हैं और निर्यात सस्ते।
   (c) आयात और निर्यात दोनों सस्ते हो जाते हैं।
   (d) आयात और निर्यात दोनों महंगे हो जाते हैं।

8. भारतीय रूपये की पूर्ण परिवर्तनियता के प्रश्न का परीक्षण जिस समिति के द्वारा किया गया है-
   (a) वाघुल समिति (b) रंगराजन समिति
   (c) तारापोर समिति द्वितीय (d) हाशिम समिति

9. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
   भारतीय रूपया पूर्णतः परिवर्तनीय है—
   1. भुगतान संतुलन के चालू लेखा के संबंध में
   2. भुगतान संतुलन के पूंजी लेखा के संबंध में
   3. स्वर्ण में
   इनमें से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) एकमात्र 3
   (c) 1 और 2 (d) 1, 2 और 3

10. **कथन (A)**—मुद्रा का अवमूल्यन निर्यातों को बढ़ाने के लिए किया जाता है।
    **कारण (B)**—विदेशी बाज़ार मे घरेलू वस्तुएं सस्ती हो जाती हैं।
    **कूटः**
    (a) A एवं R दोनों सहीं है तथा R, A की सही व्याख्या है।
    (b) A तथा R दोनों सहीं है परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं है।
    (c) A सही है परन्तु R गलत है।
    (d) A गलत है परन्तु R सही है।

11. 'यूरो' राष्ट्रीय मुद्रा है-
    (a) यूरोप के सभी देशों की
    (b) यूरोपीय संघ के सभी देशों की
    (c) यूरो जोन की।
    (d) अफ्रीका संघ की

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-
    1. भारत के प्रथम EPZ की स्थापना हुई थी 1965 में।
    2. भारत वर्ष में SEZ नीति बनाई गई थी 2000 में।
    3. बड़ोदरा पटोला सिल्क के लिए प्रसिद्ध है।
    4. मध्य प्रदेश में पन्ना, सोने की खान के लिए प्रसिद्ध है।
    उपर्युक्त कथनों में सत्य कथन का चुनाव कीजिए।
    (a) केवल 1, 2 तथा 3 सही है।
    (b) केवल 2, 3 तथा 4 सही है।
    (c) केवल 3 तथा 4 सही हैं।
    (d) सभी सही हैं।

13. किसके निर्यात से भारत की निर्यात आय में सर्वाधिक योगदान होता है?
    (a) कृषि उत्पादों के
    (b) रत्न एवं आभूषणों के
    (c) मशीनरी के
    (d) कपड़ा एवं सिले-सिलाए वस्त्रों का

**14.** भारत का 50 प्रतिशत से अधिक आयात आता है-

(a) अफ्रीकी देशों से
(b) एशियाई देशों से
(c) अमेरिकी देशों से
(d) यूरोपीय देशों से

**15.** अंतर्राष्ट्रीय व्यापार का प्रमुख प्रहरी है-

(a) आई.एम.एफ.
(b) आई.बी.आर.डी.
(c) डबल्यू.टी.ओ.
(d) आई.एफ.सी.

**16.** सुपर 301 क्या है?

(a) यह भारत द्वारा विकसित एक सुपर कम्प्यूटर का ब्रांड नाम है।
(b) चावल की नई विकसित किस्म है।
(c) अमेरिकी व्यापार कानून की वह धारा है जो उन्हें अपने आयात पर उच्च सीमा शुल्क लगाने की शक्ति देती है।
(d) यह एड्स से निपटने के लिए खोजी गई नई औषधि का नाम है।

**17.** डंकल ड्राफ्ट था-

(a) उरूग्वे चक्र समझौते से संबंधित
(b) नाभिकीय शक्ति से युक्त देशों पर आर्थिक प्रतिबंधों से संबंधित
(c) विश्व सांस्कृतिक धोरहर के भवनों को सुरक्षित रखने से संबंधित
(d) मादक औषधि के व्यापार को रोकने से संबंधित

**18.** ब्रेक इवन बिन्दु क्या है?

(a) वह स्थिति जब फर्म लाभ उठा रही है।
(b) वह स्थिति जब फर्म को हानि हो रही है।
(c) वह स्थिति जब फर्म को न लाभ और न ही हानि हो रही हो।
(d) इसका लाभ-हानि से कोई संबंध नहीं है।

**19.** ट्रेड प्वाइंट की स्थापना का उद्देश्य है-

(a) आयात-निर्यात का आदान-प्रदान करने वाले देश
(b) आयात-निर्यात संबंधी सूचनाओं का आदान-प्रदान करने वाले देश
(c) विदेशी बैंकिंग व्यापार को आदान-प्रदान केंद्र
(d) सीमा शुल्क एकत्रित करने का केंद्र

**20.** कालिनों के निर्यात के संदर्भ में 'कालीन चिन्ह' किस तथ्य का परिचायक है?

(a) यह द्योतक है कि वस्तु कालीन है
(b) यह द्योतक है कि वस्तु हस्तकला का नमूना है
(c) यह द्योतक है कि वस्तु बनाने में बाल श्रम का उपयोग नहीं हुआ है
(d) यह किसी भी तथ्य का द्योतक नहीं है।

**21.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I (Export Development Center) | सूची-II (Related Goods) |
|---|---|
| A. खुर्जा | 1. ब्रास वायर हैंडीक्राफ्ट |
| B. पानीपत | 2. लैदर शूज |
| C. जालंधर | 3. स्पोर्टस गुड्स |
| D. आगरा | 4. हैंडलूम टैक्सटाईल्स |
| E. मुरादाबाद | 5. क्ले पॉट्स |

| | A | B | C | D | E |
|---|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| (b) | 5 | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 5 | 1 |
| (d) | 3 | 2 | 5 | 4 | 1 |

**22.** निम्नलिखित में से कौन से संगठन भारत के आयात-निर्यात को प्रभावित करते हैं?

1. खनिज एवं धातु व्यापार निगम
2. आयात-निर्यात बैंक
3. राज्य व्यापार निगम
4. भारतीय खाद्य निगम

कूटः

(a) 1, 2, 3 व 4
(b) 2 व 4
(c) 1 व 3
(d) 2, 3 व 4

**23.** निम्न में से सत्य कथन की पहचान कीजिए-

1. दृश्य मदो में पेट्रोलियम, जेम्स, ज्वेलरी और काफी शमिल है।
2. विदेश ऋणों की प्राप्तियां पूंजी खाते की मद है
3. एफडीआई दो मार्गों से आती है—1. स्वाचलित मार्ग से 2. सरकारी अनुमति से
4. एक निर्धारित समयावधि में आयातित एवं निर्यातित वस्तुओं के मौद्रिक मूल्य का अन्तर ही व्यापार शेष कहलाता है

कूटः

(a) 2, 3
(b) 3 4 व 2
(c) 1 2 व 4
(d) सभी

**24.** निम्न में से असत्य कथन की पहचान कीजिए-

(a) भारत वर्तमान में खुली अर्थव्यवस्था है
(b) भारत आत्म पर्याप्तता वाली अर्थव्यवस्था है
(c) भारत आत्म निरर्भरता वाली अर्थव्यवस्था है
(d) एन्टी डंपिंग ड्यूटी घरेलू उद्योगों को संरक्षण प्रदान करने के लिए लगायी जाती है

25. आयात प्रतिस्थापन से अभिप्राय है–
   (a) आयात को कम करना
   (b) आयात की तुलना में निर्यात बढ़ाना
   (c) आयात को स्थिर बनाये रखना
   (d) देश जिन वस्तुओं का आयात करता है उन्हें देश में ही उत्पादित करना।

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (d) | **3.** (a) | **4.** (b) | **5.** (a) | **6.** (a) | **7.** (b) | **8.** (c) | **9.** (a) | **10.** (a) |
| **11.** (c) | **12.** (a) | **13.** (b) | **14.** (b) | **15.** (c) | **16.** (c) | **17.** (a) | **18.** (c) | **19.** (b) | **20.** (c) |
| **21.** (b) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (b) | **25.** (d) | | | | | |

** कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

1. भारत में सीमान्त किसानों में निम्नलिखित में से कितनी भूमि धारित वाले किसानों को शामिल किया जाता है?
   (a) 1 हे. तक (b) 2 हे. तक
   (c) 3 हे. तक (d) 4 हे. तक

2. भारत में सिंचाई का सबसे महत्वपूर्ण साधन है—
   (a) नहरे (b) कुएँ
   (c) नलकूप (d) तालाब

3. भारत में सिंचाई की परियोजनाओं को तीन श्रेणियों में वृहत, मध्यम और लघु में बाँटा गया है, इस संदर्भ में निम्न में से कौन सत्य कथन है?
   (a) वृहत सिंचाई परियोजनाएँ 10,000 हे. से अधिक क्षेत्र की सिंचाई करती है।
   (b) मध्यम सिंचाई परियोजनाएँ 2,000 हे. से 10,000 हे. क्षेत्र की सिंचाई करती है।
   (c) लघु सिंचाई परियोजनाएँ 2,000 हे. क्षेत्र की सिंचाई करती है।
   (d) उपरोक्त सभी

4. प्रशंसा क्षेत्र विकास कार्यक्रम (CADP) का मौलिक उद्देश्य है-
   (a) भारत में सिंचाई सुविधओं का विकास।
   (b) भारत में सिंचाई के साधनों की गुणवत्ता का विकास।
   (c) भारत में सिंचाई के साधनों में कुंओं और नलकूपों के उपयोग में वृद्धि।
   (d) भारत में सिंचाई के साधनों की क्षमता और उनके सदुपयोग के मध्य अंतर को न्यूनतम करना।

5. भारत में हरित क्रांति की शुरूआत कब हुई?
   (a) 1950-51 (b) 1967-68
   (c) 1970-71 (d) 1974-75

6. हरित क्रांति के अंतर्गत कृषि के प्रति हेक्टेयर उत्पादकता को बढ़ाने के उद्देश्य से निम्न में से कौन-सा कार्यक्रम चलाया गया है?
   (a) IADP (b) HYCP
   (c) IRDP (d) HVYP

7. हरित क्रांति के संदर्भ में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
   1. हरित क्रांति शब्द के प्रतिपादक विलियम गॉड है।
   2. भारत में हरित क्रांति के सूत्रधर एम. एस. स्वामीनाथन है।
   3. हरित क्रांति के दौरान मोटे अनाज और दलहन का उत्पादन अपरिवर्तनीय रहा।
   4. हरित क्रांति से सर्वाधिक सकारात्मक प्रभाव गेहूँ की फसल पर पड़ा।
   (a) 1, 2, 3 (b) 2, 3
   (c) 3, 4 (d) उपरोक्त सभी

8. सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा वितरित अनाज की कीमत बढ़ाने का उद्देश्य है-
   (a) किसानों को आकर्षक कीमत मिले।
   (b) अनाज के उपयोग को नियंत्रित किया जा सके।
   (c) इस प्रणाली में निहित उपादान का भार कम हो सके।
   (d) इस योजना से लाभ कमाना।

9. निम्न में से कौन 'हरित क्रांति' के परिणामस्वरूप नहीं हुआ है?
   (a) भारत के विभिन्न राज्यों के बीच असमानता में वृद्धि।
   (b) भारत में अमीरों एवं निर्धनों के बीच असमानता में वृद्धि।
   (c) खाद्यान्नों की प्रतिव्यक्ति उपलब्धता में वृद्धि।
   (d) मोटे अनाजों के अधीन क्षेत्रफल में वृद्धि।

10. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये?

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. Drought-Prone Area Programme (DPAP) | 1. 1977–78 |
| B. Desert Development Programme (DDP) | 2. 2005 |
| C. National Rural Health Mission (NRHM) | 3. 2012 |
| D. National Urban Livelihood Mission (NULM) | 4. 1973 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (d) | 4 | 1 | 3 | 2 |

11. ऑपरेशन फ्लड संबंधित है-
    (a) बाढ़ से (b) दुग्ध उत्पादन से
    (c) नदियों के संरक्षण से (d) कर चोरी से

12. निम्नलिखित में से कौन-सी कृषि करने की प्रक्रिया पर्यावरण संरक्षण में सहायक है?
    (a) अधिक उपज वाली किस्म की खेती
    (b) जैविक खेती
    (c) ग्लास हाउस में पौधे लगाना
    (d) शिफ्टिंग कृषि

13. नेफेड संबंधित है-
    (a) पशुपालन (b) ईंधन की बचत से
    (c) कृषि विपरण से (d) कृषि उपकरण से

14. काली मिट्टी किस उपज के लिए सर्वाधिक उपयुक्त है?
(a) कपास की
(b) धन की
(c) गन्ने की
(ख) गेहूँ

15. निम्न में से कौन-सा कारण भारतीय कृषि की निम्न उत्पादकता का कारण नहीं है?
(a) जनसंख्या का दबाव
(b) भू जोतों का छोटा आकार
(c) सहकारी कृषि
(d) पारम्परिक तकनीक का प्रयोग

16. भारत में कृषि को वित्त देने वाली शीर्ष संस्था है-
(a) NABARD
(b) Co-Operative Bank
(c) RRBs
(d) Development Bank

17. 'सुनहरे चावल' में प्रचुरता सृजित की गई है-
(a) विटामिन-A
(b) विटामिन-C
(c) विटामिन-D
(d) विटामिन-E

18. MSP की सिफारिश करने वाला आयोग हैं—
(a) Commission of Agriculture
(b) Commission of Agriculture Cost and Price
(c) Agriculture Cost and Distribution
(d) FCI

19. निम्न कथन से आप क्या समझते हैं-'भारत ने राष्ट्रीय खाद्यान्न सुरक्षा प्राप्त कर ली है, परंतु पारिवारिक सुरक्षा नहीं प्राप्त की है।'
(a) खाद्यान्न स्टॉक पर्याप्त है, परंतु सभी परिवार खाद्यान्न प्राप्त करने का सामर्थ्य नहीं रखते।
(b) गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले व्यक्तियों की संख्या बढ़ी है।
(c) खाद्यान्न उत्पादन वृद्धि दर्शाता है परंतु प्रतिव्यक्ति खाद्यान्न उपलब्धता घटी है।
(d) कृषि योग्य भूमि पर दबाव पहले की तुलना में बढ़ा है।

20. 'ऑपरेशन फ्लड' के सूत्रधार हैं-
(a) नार्मन बोरलाग
(b) एम. एस. स्वामीनाथन
(c) वर्गीज कुरियन
(d) अमृत पटेल

21. राष्ट्रीय उद्यान मिशन का आरंभ वर्ष है-
(a) 2002-03
(b) 2004-05
(c) 2006-07
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. कृषि श्रमिक सामाजिक सुरक्षा योजना उपलब्ध कराती है-
(a) ग्राम स्तर पर आधुनिक गुणवत्तायुक्त जीवन।
(b) अतिरिक्त रोजगार।
(c) पेंशन तथा बीमा लाभ।
(d) आवासीय सुविध देना।

23. भारत में कृषि आय पर कर लगाया जा सकता है।
(a) राज्य सरकार द्वारा
(b) केन्द्र सरकार द्वारा
(c) स्थानीय सरकार द्वारा
(d) a और b दोनों सत्य है

24. भारत में कृषि साख के संस्थागत स्रोत है-
(a) प्राथमिक कृषि सहकारी समितियां
(b) व्यवसायिक बैंक
(c) क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक
(d) उपरोक्त सभी

25. निम्न में से कौन-सा कथन असत्य है?
1. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रारंभ 18 फरवरी 2016 को किया गया।
2. किसान काल सेन्टर की शुरूआत प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने की।
3. जया, पन्तधन-10 गेहूँ की नई प्रजातियां है।
4. टिड्डा चेतावनी संगठन जोधपुर (राजस्थान) में स्थापित है।
(a) 2 और 4
(b) 2, 3
(c) 1, 2, 3
(d) उपरोक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (c) | **2.** (c) | **3.** (d) | **4.** (d) | **5.** (b) | **6.** (d) | **7.** (d) | **8.** (c) | **9.** (d) | **10.** (c) |
| **11.** (b) | **12.** (b) | **13.** (c) | **14.** (a) | **15.** (c) | **16.** (a) | **17.** (a) | **18.** (b) | **19.** (a) | **20.** (c) |
| **21.** (b) | **22.** (c) | **23.** (a) | **24.** (d) | **25.** (b) | | | | | |

** कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# उद्योग क्षेत्र

1. औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई?
   (a) फ्रांस (b) जर्मनी
   (c) इंग्लैंड (d) यू.एस.ए.
2. भारत की प्रथम औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गयी थी?
   (a) 1 अप्रैल, 1948 (b) 26 जनवरी, 1948
   (c) 16 अगस्त, 1948 (d) 6 अप्रैल, 1948
3. सरकार द्वारा नई औद्योगिक नीति की घोषणा कब की गई?
   (a) 24 जुलाई, 1991 को
   (b) 2 अगस्त, 1991 को
   (c) 15 अगस्त, 1991 को
   (d) 23 दिसंबर, 1991 को
4. वर्तमान में औद्योगिक लाइसेंसिंग नीति के अन्तर्गत कितने उद्योगों के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है?
   (a) 5 (b) 6 (c) 8 (d) 9
5. निम्न में से किन उद्योगों को लाइसेंस की अनिवार्यता से मुक्त कर दिया गया है?
   (a) मोटरकार उद्योग
   (b) एयर कंडीशन, फ्रिज, वाशिंग मशीन
   (c) चमड़ा उद्योग
   (d) उपरोक्त सभी
6. कंपनी द्वारा लाभांश की घोषणा किस पूंजी पर की जाती है?
   (a) निर्गमित पूंजी पर (b) अधिकृत पूंजी पर
   (c) अभिदत्त पूंजी पर (d) कुल प्रयुक्त पूंजी पर
7. कंपनी के तुलना पत्र से-
   (a) कंपनी के लाभ को आंकना संभव होता है।
   (b) कंपनी की परिसंपत्तियों और देयताओं के आकार को बताना संभव है।
   (c) कंपनी की परिसंपत्तियों, ऋणों और बाज़ार में हिस्सेदारी को बताना संभव है।
   (d) कंपनी में लगी कुल पूंजी एवं कुल श्रमिकों की संख्या
8. भारत के उर्वरक उद्योग के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
   (a) अभी हाल के वर्षों में यह देश का तेजी से विकसित होने वाला उद्योग है।
   (b) भारत विश्व में नाइट्रोजन उर्वरक का तीसरा सबसे बड़ा उत्पादक देश है।
   (c) रासायनिक उर्वरकों के संबंध में भारत आत्मनिर्भर है।
   (d) निवेश और विनिर्माण के आधार पर यह देश का दूसरा प्रमुख उद्योग है।
9. लघु क्षेत्र के लिए वस्तुओं का आरक्षण समाप्त करने की सिफारिश किस कमेटी ने की?
   (a) आबिद हुसैन समिति
   (b) नरसिम्हन समिति
   (c) नायक समिति
   (d) अभिजीत सेनगुप्ता समिति
10. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए-
    'लघु उद्योग, बड़े उद्योगों जितने दक्ष और प्रतियोगी नहीं हैं फिर भी सरकार लघु उद्योगों को प्रमुखता देती है और अनेक प्रकार के उत्पादों के लिए आरक्षण प्रदान करती है क्योंकि लघु उद्योग-
    1. अल्प कुशल श्रमिकों को जिन्हें अन्य जगह रोजगार के अवसर प्राप्त नहीं होते, उन्हें काम प्रदान करते हैं।
    2. प्रति इकाई पूंजी निवेश के आधार पर अपेक्षाकृत अधिक रोजगार प्रदान करते हैं।
    3. विनिर्मित वस्तुओं का निर्यात बड़े उद्योगों की अपेक्षा ज्यादा करते हैं।
    4. भारत की जीडीपी में लघु उद्योगों का हिस्सा लगभग 24% है।

    **कूटः**
    (a) 1, 4 (b) 1, 2
    (c) 3, 4 (d) 2, 3
11. कोयला का सर्वाधिक उपयोग होता है-
    (a) ऊर्जा उत्पादन में
    (b) लौह एवं इस्पात संयंत्रों में
    (c) रेलवे में
    (d) उपरोक्त सभी
12. 'साल की लकड़ी' का उपयोग सर्वाधिक किस उद्योग में होता है?
    (a) कागज (b) माचिस
    (c) कत्था (d) रेलवे स्लीपर
13. नायक समिति का संबंध है-
    (a) कुटीर उद्योग से (b) लघु उद्योग से
    (c) भारी उद्योग से (d) उपरोक्त सभी
14. निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिए-
    'भारत में औद्योगिक विकास एक सीमा तक निरूद्ध हुआ है'
    1. व्यापार में पर्याप्त उद्यमवृत्ति और नेतृत्व के अभाव में
    2. निवेश हेतु बचत के अभाव में
    3. तकनीक और आधारभूत संरचना के अभाव में
    4. अपेक्षाकृत विशाल जन सामान्य के बीच सीमित क्रय शक्ति होने के कारण

    **कूटः**
    (a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 4
    (c) 2, 3, 4 (d) 1, 2
15. किस उद्योग को आधुनिक सभ्यता के लिए सबसे मूलभूत माना जाता है?
    (a) फर्टीलाईजर (b) आयरन एंड स्टील
    (c) क्लोथ (d) पेट्रोलियम

**16.** निम्न में से भारत का सबसे महत्वपूर्ण लघु स्तर उद्योग है-

(a) वस्त्र उद्योग (b) कागज उद्योग
(c) हथकरघा उद्योग (d) जूट उद्योग

**17.** श्रमिक गहन उद्योग वह है जहाँ-

(a) कठिन मानव श्रम की आवश्कता होती है।
(b) श्रमिकों को पर्याप्त मजदूरी दी जाती है।
(c) अधिक श्रमिकों को रखा जाता है।
(d) श्रमिकों को सुविधायें उपलब्ध होती है।

**18.** बोकारो स्टील संयंत्र की स्थापना किस देश के सहयोग से हुई थी ?

(a) जर्मनी (b) ब्रिटेन
(c) अमेरिका (d) रूस

**19.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I | सूची-II |
|---|---|
| A. भिलाई | 1. छत्तीसगढ़ |
| B. बोकारो | 2. झारखंड |
| C. दुर्गापुर | 3. उड़ीसा |
| D. राउरकेला | 4. प. बंगाल |
| | 5. म. प्रदेश |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 5 | 4 |
| (b) | 3 | 5 | 4 | 2 |
| (c) | 1 | 5 | 2 | 4 |
| (d) | 1 | 2 | 4 | 3 |

**20.** सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I नगर | सूची-II उद्योग |
|---|---|
| A. कोयम्बटूर | 1. तेलशोधन |
| B. राउरकेला | 2. रेल डिब्बा |
| C. कपूरथला | 3. लौह इस्पात |
| D. बरौनी | 4. सूती वस्त्र |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (b) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (c) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (d) | 4 | 2 | 3 | 1 |

**21.** भारत का प्रथम उर्वरक उद्योग कहाँ स्थापित हुई ?

(a) नांगल (b) सिंदरी
(c) आलवे (d) ट्राम्बे

**22.** CRISIL है-

(a) एक निर्यात कंपनी है।
(b) ग्रामीण क्षेत्र को वित्त प्रदान करता है।
(c) उद्योगों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है।
(d) कंपनी की साख की स्थिति का मूल्यांकन करता है।

**23.** वर्तमान मे देश की महारत्न कम्पनियों की संख्या है-

(a) 7 (b) 8
(c) 9 (d) 10

**24.** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग का प्रमुख कार्य हैं-

(a) एकाधिकारी शक्तियों को बढ़ावा देना
(b) एकाधिकारी शक्तियों पर अंकुश लगाना
(c) प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना
(d) b और c दोनों।

**25.** राष्ट्रीय निवेश कोष के सम्बन्ध में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-

1. सार्वजनिक उपक्रमों में विनिवेश से प्राप्त होने वाली राशि रखी जाती है।
2. FDI से प्राप्त राशि रखी जाती है।
3. आम जनता द्वारा खरीदी गयी सरकारी प्रतिभूतियों से प्राप्त राशि रखी जाती है।
4. इस कोष का 25 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों के विकास पर निवेश किया जाता है।
5. इस कोष की औपचारिक शुरूआत 6 अक्टूबर 2007 को हुई।

**कूट:**

(a) 1, 4, 5 (b) 1, 3
(c) 2 (d) 3, 4

## उत्तरमाला

**1.** (c) **2.** (d) **3.** (a) **4.** (a) **5.** (d) **6.** (c) **7.** (b) **8.** (c) **9.** (a) **10.** (b)
**11.** (a) **12.** (d) **13.** (b) **14.** (a) **15.** (b) **16.** (c) **17.** (c) **18.** (d) **19.** (d) **20.** (a)
**21.** (b) **22.** (d) **23.** (a) **24.** (d) **25.** (a)

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# आर्थिक आयोजन

1. भारत में आर्थिक नियोजन के उद्देश्य रहे हैं-
   1. पूर्ण रोजगार की प्राप्ति
   2. आय की समानता
   3. अवसर की समानता
   4. आत्म निर्भरता

   कूट:
   (a) 1, 2 (b) 2, 3 (c) 2, 1, 4 (d) 1, 2, 3, 4

2. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I नियोजन | सूची-II वर्ष |
|---|---|
| A. नेशनल प्लानिंग कमेटी | 1. 1945 |
| B. बॉम्बे प्लान | 2. 1950 |
| C. सर्वोदय प्लान | 3. 1944 |
| D. द पीपुल्स प्लान | 4. 1938 |
| | 5. 1934 |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 3 | 4 | 5 | 2 |
| (b) | 5 | 3 | 4 | 2 |
| (c) | 4 | 3 | 2 | 1 |
| (d) | 1 | 5 | 4 | 3 |

3. भारत में नियोजन की अवधारणा कब स्वीकार की गयी?
   (a) 1947 (b) 1950 (c) 1951 (d) 1952

4. भारत में पंचवर्षीय योजना बनाने की जिम्मेदारी किसकी है?
   (a) प्रधानमंत्री कार्यालय
   (b) राष्ट्रीय विकास परिषद
   (c) योजना आयोग
   (d) केन्द्र एवं राज्य सरकार

5. पंचवर्षीय योजना का अन्तिम प्रारूप कौन प्रस्तुत करता है?
   (a) राष्ट्रपति
   (b) संसद
   (c) राष्ट्रीय विकास परिषद्
   (d) योजना आयोग

6. भारत में आर्थिक नियोजन कब प्रारंभ हुआ?
   (a) 15 अगस्त 1947 को (b) 26 जनवरी 1949 को
   (c) 1 अप्रैल 1951 को (d) 1 मई 1956 को

7. '*भारत के लिए नियोजित अर्थव्यवस्था*' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
   (a) श्रीमन नारायण (b) एम. विशेषदेवर्यास
   (c) अर्दीशहर दलाल (d) जयप्रकाश नारायण

8. '*प्लानिंग एंड द पुअर*' नामक पुस्तक के लेखक कौन हैं?
   (a) जे.के. मेहता
   (b) पी.सी. महालनोबिस
   (c) जी. मर्यडल
   (d) उक्त में से कोई नहीं

9. राष्ट्रीय योजना समिति की स्थापना कब हुई और इसके अध्यक्ष थे?
   (a) वर्ष 1938 और जवाहर लाल नेहरू
   (b) वर्ष 1942 और सुभाष चन्द्र बोस
   (c) वर्ष 1947 और गांधी जी
   (d) वर्ष 1951और महालनोबिस

10. श्रीमन्न नारायण द्वारा प्रस्तुत योजना का नाम था-
    (a) कांग्रेसी योजना
    (b) गांधीवादी योजना
    (c) जन योजना
    (d) बाम्बे प्लान

11. जन योजना का प्रारूप किसने तैयार किया था?
    (a) जय प्रकाश नारायण (b) श्रीमन्न नारायण
    (c) एम. एन. राय (d) जान मथाई

12. नीति आयोग को कहा जाता है-
    (a) सरकार का थिंक टैंक।
    (b) सरकार का वित्तीय सलाहकार।
    (c) सरकार का रक्षा सलाहकार।
    (d) उपरोक्त में से कोई नही।

13. नियतम् (NIYATAM) है-
    (a) यह बैकों के एनपीए को कम करने वाला कार्यक्रम है।
    (b) यह देश के प्रमुख घाटो को नियंत्रित करने वाला कार्यक्रम है।
    (c) राज्यो की शासन व्यवस्था को और चुस्त-दुरूस्त करने से संबंधित कार्यक्रम है।
    (d) निम्न मे से कोई नही।

14. निम्न में से किस अर्थशास्त्री ने विकासशील देशों के लिए 'Rolling Plan' की अवधारणा का सर्वप्रथम समर्थन किया था?
    (a) हैरोड डोमर
    (b) जे. के. मेहता
    (c) डेविड रिकार्डो
    (d) गुन्नार मिर्डल

15. आर्थिक नियोजन विषय है?
    (a) संघ सूची का
    (b) राज्य सूची का
    (c) समवर्ती सूची का
    (d) किसी विशेष सूची में वर्णित नहीं है

**16.** निम्नलिखित में कौन सुमेलित हैं?
(a) तीसरी पंचवर्षीय योजना–1962-67
(b) छठी पंचवर्षीय योजना–1980-85
(c) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना–1975-1979
(d) आठवीं पंचवर्षीय योजना–1991-1996

**17.** भारत में योजना अवकाश कब शुरू हुआ?
(a) 1962 के चीन-भारत युद्ध के पश्चात्
(b) 1966 के सूखे के पश्चात्
(c) 1971 के बांग्लादेश की स्वतंत्रता के पश्चात्
(d) 1965 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के पश्चात्

**18.** निम्नलिखित में कौन सुमेलित है?

| | |
|---|---|
| 1. पहली पंचवर्षीय योजना | कृषि को प्राथमिकता |
| 2. चौथी पंचवर्षीय योजना | आत्म निर्भरता एवं स्थिरता के साथ विकास |
| 3. पाँचवी पंचवर्षीय योजना | आत्म निर्भरता एवं गरीबी उन्मूलन |
| 4. सातवीं पंचवर्षीय योजना | सामाजिक न्याय के साथ विकास |

**कूट:**
(a) 1, 2, 3 (b) 1, 3, 4
(c) 1, 2, 3, 4 (d) 1, 2, 4

**19.** आदेशात्मक नियोजन की विशेषता नहीं है-
1. यह आयोजन सामान्यत: पूंजीवादी एवं समाजवादी देशों में प्रचलित है।
2. लाइसेंसिंग प्रणाली का चलन होता है।
3. निजी एवं बाज़ार शक्तियों का प्रभुत्व होता है।
4. केन्द्रीय स्तर पर एक शीर्ष संस्था होती।
(a) 1, 2, 3 (b) 3
(c) 2, 3, 4 (d) 1, 2, 3, 4

**20.** सामुदायिक विकास कार्यक्रम किस पंचवर्षीय योजना से संबंधित हैं?
(a) I FYP (b) II FYP
(c) III FYP (d) IV FYP

**21.** निम्न में से कौन-सी योजना द्वितीय पंचवर्षीय योजना (II FYP) से संबंधित है?
(a) चितरंजन लोकोमोटिव
(b) दुर्गापुर स्टील संयंत्र
(c) राउरकेला स्टील संयंत्र
(d) उपरोक्त सभी

**22.** 12वीं पंचवर्षीय योजना का केन्द्र बिन्दु था-
(a) तीव्रतर जीडीपी वृद्धि दर।
(b) तीव्रतर सतत और समावेशी विकास।
(c) उत्पादन व उत्पादकता मे वृद्धि।
(d) उपरोक्त सभी।

**23.** निम्न में से सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
1. नेहरू मॉडल-भारी औद्योगिक विकास को प्राथमिकता
2. गाँधी मॉडल-लघु एवं कुटीर उद्योगों को प्राथमिकता
3. सिंह एवं राव मॉडल-एल.पी.जी. को प्राथमिकता
4. महालनोबिस मॉडल-आधारभूत उद्योगों को प्राथमिकता
(a) 1, 2, 3 (b) 2, 3, 4
(c) 3, 4 (d) सभी

**24.** निम्न में असत्य कथन का चुनाव कीजिए-
1. एनडीसी एक गैर सांविधिक निकाय है।
2. 14वें वित्त आयोग के अध्यक्ष विजय केलकर हैं।
3. SDG 2030 में 17 लक्ष्य और 169 प्रयोजन तय किये गये हैं।
4. अनवरत योजना की समयावधि 1981-82 के मध्य थी।
5. वित्त आयोग संविधान के अनुच्छेद 280 में है।
(a) 4, 5 (b) 2, 4
(c) 3, 4, 5 (d) 1, 2, 4, 5

**25.** अन्तर्राज्यीय परिषद का प्रमुख कार्य हैं-
(a) केन्द्र को व्यय से सम्बन्धित सिफारिशे करना।
(b) केन्द्र तथा राज्यों के बीच समन्वय स्थापित करना।
(c) केन्द्र को कल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में सिफारिश करना।
(d) उपरोक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (c) | **3.** (b) | **4.** (c) | **5.** (c) | **6.** (c) | **7.** (b) | **8.** (b) | **9.** (a) | **10.** (b) |
| **11.** (c) | **12.** (a) | **13.** (c) | **14.** (d) | **15.** (c) | **16.** (b) | **17.** (b) | **18.** (a) | **19.** (b) | **20.** (b) |
| **21.** (d) | **22.** (b) | **23.** (d) | **24.** (b) | **25.** (b) | | | | | |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

1. निम्न में से कौन-सा क्षेत्र सबसे अधिक 'कर भुगतान' करता है?
   (a) कृषि क्षेत्र
   (b) औद्योगिक क्षेत्र
   (c) परिवहन क्षेत्र
   (d) बैंकिंग क्षेत्र
2. किसी वस्तु पर केन्द्रीय उत्पाद शुल्क (Excise) देय होता है? उसके-
   (a) उत्पादन पर
   (b) उत्पादन और बिक्री पर
   (c) उत्पादन और परिवहन पर
   (d) उत्पादन, परिवहन और बिक्री
3. अप्रत्यक्ष कर का भार मुख्यत: किन्हें वहन करना पड़ता है?
   (a) उत्पादनकर्ता को
   (b) व्यापारियों को
   (c) उपभोक्ताओं को
   (d) करदाताओं को
4. केन्द्रीय करों में राज्यों का हिस्सा निश्चित करने वाला प्राधिकरण कौन-सा है?
   (a) वित्त आयोग
   (b) वित्त मंत्री
   (c) योजना आयोग
   (d) निर्वाचन आयोग
5. भारत में राज्य सरकार की आय का प्रमुख स्रोत है?
   (a) बिक्री कर
   (b) सीमा शुल्क
   (c) आय कर
   (d) सम्पत्ति कर
6. विजय केलकर समिति की रिपोर्ट संबंधित थी-
   (a) व्यापार सुधारों में
   (b) केन्द्र राज्य वित्तीय संबंध
   (c) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर
   (d) उपरोक्त सभी
7. कराधन एक उपकरण है-
   (a) राजकोषीय नीति का
   (b) कीमत नीति का
   (c) मौद्रिक नीति का
   (d) मजदूरी नीति का
8. MAT है-
   (a) Maximum Alternate Tax
   (b) Minimum Alternate Tax
   (c) Minimum Affordable Tax
   (d) Maximum Affordable Tax
9. MODVAT का स्थान वर्ष 2000 में किसने लिया?
   (a) CEN–VAT
   (b) MANVAT
   (c) VAT
   (d) State Value Added Tax
10. VAT के संबंध में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
    (a) यह एक अप्रत्यक्ष कर है।
    (b) यह उत्पादन के प्रत्येक स्तर पर होने वाली मूल्य वृद्धि पर लगाया जाता है।
    (c) यह उत्पादन के प्रथम चरण से लेकर उपभोक्ता को बेचने तक के बीच सभी चरणों पर लगाया जाता है।
    (d) उपरोक्त सभी
11. उत्तर प्रदेश में वैट को किस वर्ष अपनाया गया?
    (a) 1 अप्रैल, 2008
    (b) 1 जनवरी, 2008
    (c) 1 अप्रैल, 2009
    (d) 1 जनवरी, 2009
12. जीएसटी परिषद ने वस्तु एवं सेवा कर की दरें निर्धारित की है-
    (a) 5, 10, 15, 20
    (b) 5, 7, 11, 15
    (c) 5, 12, 18, 28
    (d) उक्त में से कोई नहीं
13. सेवा कर (Service Tax) का प्रारंभ भारत में कब किया गया?
    (a) 1947-48 (b) 1951-52
    (c) 1991-92 (d) 1994-95
14. जीएसटी लाने के लिये कौन-सा संविधान संशोधन विधेयक लाया गया?
    (a) 112वां (b) 114वां
    (c) 113वां (d) 122वां
15. जीएसटी सम्मिलित रूप होगा-
    (a) उत्पाद शुल्क
    (b) सेवा कर
    (c) वैट
    (d) उपरोक्त सभी
16. जीएसटी के अन्तर्गत एक 'जीएसटी परिषद' के गठन का प्रस्ताव है जिसका अध्यक्ष देश का-
    (a) प्रधानमंत्री होगा
    (b) वित्त मंत्री होगा
    (c) राष्ट्रपति होगा
    (d) मुख्य न्यायाधीश

17. लाफर कर्व दर्शाता है-
 (a) टैक्स और रोज़गार के मध्य संबंध को
 (b) मुद्रास्फीति और मंदी के मध्य संबंध को
 (c) आय और व्यय के मध्य संबंध को
 (d) कर राजस्व और टैक्स की दर के मध्य संबंध को

18. राज्य स्तर पर वैट किस कर के स्थान पर लागू हुआ है-
 (a) बिक्री कर
 (b) वेल्थ टैक्स
 (c) मैट
 (b) सेनवैट

19. आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार वित्तीय वर्ष 2016-17 में केन्द्र सरकार को करो से प्राप्त आय का सही क्रम है-
 (a) निगम कर, आयकर, सीमाशुल्क
 (b) निगम कर, आयकर, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क
 (c) आयकर, निगम कर, सीमा शुल्क
 (b) सीमा शुल्क, आयकर, सेवा कर

20. स्मार्ट सिटीज मिशन के जल तथा मलजल का वित्तपोषण जिस राजस्व से होगा वह है-
 (a) चुंगी तथा प्रवेश कर
 (b) सेवा कर
 (c) उत्पाद शुल्क
 (d) सभी से

21. केन्द्रीय उत्पाद एवं सीमा शुल्क बोर्ड किस मंत्रालय के अन्तर्गत कार्य करता है?
 (a) गृहमंत्रालय
 (b) वित्त मंत्रालय के अधीन राजस्व विभाग
 (c) वित्तमंत्रालय के अधीन सेवा कर विभाग
 (d) वित्तमंत्रालय के अधीन केन्द्रीय शुल्क विभाग

22. केन्द्र सरकार का कर नहीं है-
 (a) सीमा शुल्क
 (b) राज्य उत्पादक शुल्क
 (c) मनोरंजन कर
 (d) b और c दोनों

23. आयकर अधिनियम की धारा-88 के तहत दी जाने वाली छूट को समाप्त करने की सिफारिश दी गयी-
 (a) केलकर कमेटी द्वारा
 (b) रंगराजन कमेटी द्वारा
 (c) शाह समिति द्वारा
 (d) निम्न में से कोई नहीं।

24. भारत ने 30 सितम्बर 2015 से क्रियाशील होने वाले 'विदेशी खाता कर अनुपालन' किस देश के साथ मिलकर प्रारम्भ किया?
 (a) सिंगापुर
 (b) अमेरिका
 (c) मारिशस
 (d) निम्न में से कोई नहीं।

25. इनकम टैक्स एक्ट सेक्शन 80(c) के तहत दी जाने वाली कर छूट है-
 (a) सुकन्या समृद्धि योजना
 (b) पब्लिक प्राविडेंट फंड
 (c) लाइफ इश्योरेंस
 (d) उपरोक्त सभी

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (a) | **3.** (c) | **4.** (a) | **5.** (a) | **6.** (c) | **7.** (a) | **8.** (b) | **9.** (a) | **10.** (d) |
| **11.** (b) | **12.** (c) | **13.** (d) | **14.** (d) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (d) | **18.** (a) | **19.** (b) | **20.** (a) |
| **21.** (b) | **22.** (d) | **23.** (a) | **24.** (b) | **25.** (d) | | | | | |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# बजट

1. रेल बजट को आम बजट मे शामिल किया गया है–
   (a) बजट 2016-17 मे। (b) बजट 2017-18 मे।
   (c) बजट 2018-19 मे। (d) बजट 2015-16 मे।

2. सामान्यत: बजट वह सरकारी विवरण या दस्तावेज़ है, जिसमें–
   (a) सरकार की गतवर्ष की आय-व्यय की स्थिति दर्शायी गयी हो।
   (b) आगामी वर्ष के आर्थिक-सामाजिक कार्यक्रम एवं उन पर अनुमानित व्यय दर्शाया गया हो।
   (c) प्रस्तावित कर ढांचा हो।
   (d) उपरोक्त सभी

3. बजट के प्रमुख दस्तावेज़ों में शामिल है–
   (a) वित्तमंत्री का भाषण (b) सार्वजनिक व्यय
   (c) सार्वजनिक प्राप्तिया (d) उपरोक्त सभी

4. भारत सरकार द्वारा निम्न में से किस मद/मदों को वर्तमान में अर्थव्यवस्था की 'राजकोषीय घाटे' में, नहीं जोड़ा जाता है?
   1. आकस्मिक निधि
   2. लघु बचत योजनाओं से प्राप्त राशि
   3. बाज़ार ऋण
   4. छूटें

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 3
   (c) 1, 2 और 4 (d) इनमें से कोई नहीं

5. 'संतुलित बजट' से जुड़े असत्य कथन/कथनों का कूट की मदद से चयन करें–
   1. जब 'राजस्व घाटा' शून्य हो।
   2. जब सरकार उतना ही कर्ज ले जितने कि नियोजित व्यय के लिए आवश्यक है।
   3. जब शत प्रतिशत बाज़ार ऋण विकासशील व्यय का अंग बने।
   4. जब 'राजस्व बजट' अतिरेक में जाए।

   कूट:
   (a) 1, 2 और 3 (b) 2, 3 और 4
   (c) 1, 2 और 4 (d) 1, 3 और 4

6. संघीय बजट में राजकोषीय घाटे का अर्थ है–
   (a) राजस्व घाटे पर दिया जाने वाला ब्याज का योग
   (b) चालू व्यय और चालू राजस्व का अन्तर
   (c) मुद्रीकृत घाटे और बजट घाटे का योग
   (d) भारतीय रिज़र्व बैंक से संघ सरकार द्वारा किए गए ऋणदान में हुई निवल वृद्धि

7. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–
   1. धन विधेयक को प्रस्तुत करने के पहले उस विधेयक विशेष की प्रस्तुतीकरण के लिए राष्ट्रपति की पूर्वानुमति आवश्यक है।
   2. यदि प्रश्न उठता है कि कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं है, उस पर लोक लेखा समिति के अध्यक्ष का निर्णय अंतिम होता है।
   3. धन विधेयकों को राष्ट्रपति सामान्य विधेयकों की भाँति संसद को वापस पुनर्विचार को लिए नहीं भेज सकता।

   उपरोक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
   (a) केवल 1 (b) 1, 2 और 3
   (c) केवल 2 और 3 (d) केवल 1 और 3

8. यदि राजकोषीय घाटे से ब्याज भुगतान घटा दिया जाये तो शेष बराबर होगा–
   (a) राजस्व घाटे के (b) प्राथमिक घाटे के
   (c) बजट घाटे के (d) मौद्रिक घाटे के

9. 'सामाजिक लागत' की अवधारणा निम्न में किस बात को प्रदर्शित करती है?
   (a) साधन लागत के प्रयोग में समाज का योगदान।
   (b) कंपनियों की गतिविधि का समाज द्वारा वहन किया गया व्यय।
   (c) कंपनियों की निजी लागत और कर भार।
   (d) उत्पादों पर उपभोक्ता द्वारा दिया गया कर भार।

10. निम्न में से कौन-सा कथन-नींबू समाजवाद' का सही विश्लेषण करता है?
   (a) अर्थव्यवस्था के घाटे को कर लगाकर पूरा करना।
   (b) अगर घाटा होता है तो करदाता वहन करेगा लेकिन फायदे का लाभ शेयरधरकों एवं ऑफिसरों को होगा।
   (c) आर्थिक घाटे की पूर्ति सरकारी व्यय में कटौती तथा शेयर धरकों के लाभ में कमी करके पूरा करना।
   (d) आर्थिक घाटे की पूर्ति के लिए सरकारी कर्मचारियों के वेतनमान में कमी लाना।

11. शून्य आधारित बजट के प्रयोग का मुख्य उद्देश्य है–
   (a) अनेक योजनाओं और कार्यक्रमों के उद्देश्यों को शून्य आधार पर जाँचना
   (b) देश को नवीनतम स्रोतों से आय प्राप्त करने की सलाह देना
   (c) देश में आय और व्यय पर नजर रखना
   (d) उपरोक्त सभी

12. भारत में शून्य आधारित बजट की शुरूआत एक प्रमुख शोध संगठन ने की, जिसका नाम है–
   (a) शून्य आधारित औद्योगिक अनुसंधान केंद्र
   (b) वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद
   (c) शून्य आधारित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान
   (d) निम्न में से कोई नहीं

13. निम्न में से कौन-सा कथन धन विधेयक (Money Bill) के संबंध में असत्य है?
   (a) यह केवल लोक सभा में राष्ट्रपति की अनुमति से प्रस्तुत किया जाता है।
   (b) लोक सभा में पारित होने के पश्चात् इसे राज्यसभा में प्रस्तुत किया जाता है।

(c) राज्यसभा इसे 16 दिन के भीतर पुनः लोकसभा को वापस करती है।

(d) यदि राज्य सभा इसे 14 दिन के भीतर वापस नहीं करती तो धन-विधेयक के मूल स्वरूप को पारित मान लिया जाता है।

**14.** निम्न में से भारत में बजट निर्माण की प्रमुख ऐजेन्सी कौन-सी है?

(a) योजना आयोग (b) वित्त मंत्रालय
(c) कैग (d) उपरोक्त सभी

**15.** बजट शब्द 'बोगेट' (Bouget) किस भाषा से संबंधित है?

(a) जर्मनी (b) फ्रेंच
(c) ब्रिटिश (d) a और b दोनों

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सा एक, राजकोषीय उत्तरदायित्व तथा बजट प्रबन्धन अधिनियम, 2003 (फिसकल रिस्पॉन्सीबिलिटी एण्ड बजट मैनेजमेन्ट एक्ट, 2003) से संबंधित नहीं है?

(a) वित्तीय वर्ष 2007-08 की समाप्ति तक राजस्व घाटे को खत्म करना।
(b) केन्द्र सरकार द्वारा RBI से, विषम परिस्थितियों के सिवाय, उधर न लेना।
(c) वित्तीय वर्ष 2008-09 की समाप्ति तक प्राथमिक घाटे को खत्म करना।
(d) राजकोषीय घाटे के वर्ष 2007-08 में 3 प्रतिशत के स्तर पर लाना।

**17.** सामान्य रूप से भारत में प्रति पाँच वर्ष बाद वित्त आयोग की नियुक्ति की जाती है-

(a) राज्यों की वित्तीय स्थिति निर्धारित करने के लिए
(b) केन्द्रीय सरकार की वित्तीय स्थिति निर्धारित करने के लिए
(c) केन्द्रीय सरकार के वित्तीय संसाधन निर्धारित करने के लिए
(d) केन्द्रीय अनुदान और संघ के राजस्व में राज्यों का अंश निर्धारित करने के लिए

**18.** राजस्व प्राप्तियाँ योग होता है-

(a) राजस्व प्राप्तियों + पूंजीगत प्राप्तियों का
(b) कर राजस्व + गैर कर राजस्व का
(c) पूंजीगत प्राप्तियों + गैर कर राजस्व का
(d) निम्न में से कोई नहीं

**19.** गैर कर राजस्व योग होता है-

(a) लाभ (b) फीस व शुल्क
(c) ब्याज प्राप्तियों (d) उपरोक्त सभी

**20.** पूंजीगत प्राप्तियों के सन्दर्भ में असत्य कथन का चयन कीजिए-

1. यह प्राप्तियाँ देयता सृजित करने वाली होती है।
2. वर्तमान में पूंजीगत प्राप्तियाँ में शुद्ध घरेलू एवं विदेशी ऋण शामिल हैं।
3. विनिवेश से प्राप्त आय पूंजीगत प्राप्तियों का हिस्सा है।
4. पूंजीगत प्राप्तियों को वापस करने की जवाबदेहता नहीं होती।

**कूट:**

(a) 2, 4 (b) 4 (c) 1, 2 (d) 3

**21.** आकस्मिक कोष का प्रयोग होता है-

(a) अप्रत्याशित और आकस्मिक व्ययों को पूरा करने के लिये।
(b) सरकारी विभागों के विकास हेतु।
(c) कल्याणकारी योजनाओं पर व्यय हेतु।
(d) ऐसे व्यय जो केन्द्र सरकार पर भारित है।

**22.** क्राउडिंग आउट प्रभाव वह स्थिति है जब-

(a) निजी क्षेत्रों में निवेश बढ़ जाता है।
(b) निजी बैंक सार्वजनिक क्षेत्र की तुलना में लाभ के उद्देश्य से निजी क्षेत्रों को ऋण देते हैं।
(c) सरकारी व्यय में वृद्धि के कारण निजी व्यय अथवा निवेश में कमी।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**23.** बजट में सर्वाधिक व्यय की मद है-

(a) ब्याज अदायगी
(b) रक्षा व्यय
(c) करो एवं शुल्कों में राज्यों का हिस्सा
(d) कल्याणकारी योजनाओं में

**24.** विनियोग विधेयक है-

(a) सरकारी आय व व्यय का लेखा जोखा।
(b) संसद द्वारा स्वीकृत बजट में से आवश्यक धनराशि निकालने के लिये प्रयुक्त।
(c) राष्ट्रपति की अनुमति से संचित निधि से निकाली गयी धनराशि।
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं।

**25.** भारतीय संविधान मे बजट शब्द के लिये कौन सा शब्द प्रयोग किया गया है-

(a) आय-व्यय दस्तावेज।
(b) वार्षिक-वित्तीय लेखा-जोखा।
(c) वित्तीय प्रपत्र
(d) निम्न मे से कोई नही

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (d) | **3.** (d) | **4.** (d) | **5.** (b) | **6.** (a) | **7.** (d) | **8.** (b) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (a) | **12.** (b) | **13.** (c) | **14.** (d) | **15.** (b) | **16.** (c) | **17.** (d) | **18.** (b) | **19.** (d) | **20.** (b) |
| **21.** (a) | **22.** (c) | **23.** (c) | **24.** (b) | **25.** (b) | | | | | |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# गरीबी एवं बेरोज़गारी

1. निर्धनता (Poverty) का अर्थ है–
   (a) यह एक सामाजिक बुराई है।
   (b) इसमें व्यक्ति अपने जीवन निर्वाह हेतु 'आवश्यक न्यूनतम वस्तुओं' की पूर्ति में अक्षम रहता है।
   (c) निर्धनता प्रत्यक्ष रूप से आर्थिक विकास, प्रति व्यक्ति आय, क्रयशक्ति एवं जनसंख्या से जुड़ी है।
   (d) उपरोक्त सभी

2. 'ग्रामीण क्षेत्र' में 2400 कैलोरी, 'शहरी क्षेत्र' में 2100 कैलोरी प्रतिदिन प्रतिव्यक्ति प्राप्त ना करने वाले, गरीबी रेखा के नीचे माने जायेंगे'— यह किस कमिटि ने कहा था?
   (a) तेन्दूलकर कमिटि
   (b) लकड़वाला कमिटि
   (c) चेल्लैया कमिटि
   (d) लक्ष्मी नारायण नाथू राम

3. निर्धनों की पहचान के लिए प्रत्येक राज्य में 'मूल्य स्तर' के आधार पर अलग-अलग निर्धनता रेखा का निर्धारण का फार्मूला किसने दिया?
   (a) प्रो. डी. टी. लकड़वाला
   (b) सुरेश तेन्दूलकर
   (c) सी. रंगराजन
   (d) प्रो. गाडगिल

4. 'MNREGA' सम्पूर्ण भारत में किस वर्ष लागू हुई?
   (a) 2 फरवरी, 2006 (b) 1 अप्रैल, 2006
   (c) 1 अप्रैल, 2008 (d) 1 अप्रैल, 2009

5. 'Multidimensionl Poverty Index' (MPI) कौन जारी करता है?
   (a) भारत सरकार (b) योजना आयोग
   (c) UNDP (d) SAARC

6. MPI के अंतर्गत निर्धनता के आंकलन के लिए निम्न में से कौन-से आधारों को शामिल किया जाता है?
   (a) शिक्षा, स्वास्थ्य, जीवन स्तर
   (b) शिक्षा, प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति उपभोक्ता व्यय
   (c) शिक्षा, प्रति व्यक्ति आय, स्वास्थ्य
   (d) शिक्षा, प्रति व्यक्ति उपभोग व्यय, कैलोरी

7. MPI का सर्वप्रथम प्रयोग किसके अंतर्गत और किस वर्ष किया गया?
   (a) वैश्विक भूख सूचकांक में, वर्ष 2011 में
   (b) UNDP की मानव विकास रिपोर्ट में, वर्ष 2010 में
   (c) योजना आयोग द्वारा, 2009 में
   (d) NSSO द्वारा, 2008 में

8. सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिए-

| सूची-I वर्ष | सूची-II निर्धनता अनुपात (अखिल भारत स्तर पर) % में |
|---|---|
| A. 1993–94 | 1. 21.9 |
| B. 2004–05 | 2. 37.2 |
| C. 2009–10 | 3. 29.8 |
| D. 2011–12 (तेंदुलकर समिति) | 4. 45.3 |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 4 | 2 | 3 | 1 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

9. राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा निधि के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए और असत्य कथन को चुनिए
   (a) इसके अन्तर्गत असंगठित क्षेत्र के कामगारों के हितार्थ कोष बनाया जाएगा
   (b) केन्द्रीय उद्योग एवं वाणिज्य मन्त्रालय इस निधि के कामकाज के लिए नोडल एजेन्सी के रूप में काम करेगा
   (c) इस निधि का उपयोग विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के माध्यम से किया जाएगा
   (d) इस निधि के लिए सरकार द्वारा कुल ₹ 1000 करोड़ की राशि आवंटित की गई है

10. निम्न में से कौन भारत में पायी जाने वाली बेरोज़गारी का मुख्य प्रकार नहीं है?
    1. संरचनात्मक बेरोज़गारी
    2. प्रच्छन्न बेरोज़गारी
    3. बेरोज़गारी के तहत
    4. चक्रीय बेरोज़गारी
    (a) 1, 2 (b) 4 (c) 2, 4 (d) 4, 3

11. निम्नलिखित में से कौन निर्धनता का प्रमुख कारण है?
    (a) जनसंख्या में तीव्र वृद्धि
    (b) आर्थिक विकास की नीची दर
    (c) मुद्रास्फीति दबाव
    (d) उपरोक्त सभी

12. निम्न में से कौन निर्धनता उन्मूलन कार्यक्रमों की प्रमुख कमियाँ हैं–
    1. अपर्याप्त वित्तीय सुविधाएँ
    2. राजनैतिक इच्छाशक्ति का अभाव
    3. दोषपूर्ण लक्ष्य निर्धारण
    4. उत्तरदायित्व का अभाव

कूटः

(a) 2, 3 (b) 1, 2, 3

(c) 3, 4 (d) सभी

13. निम्न में से कौन-सी योजना है जिसके अंतर्गत TRYSEM, IRDP, DWCRA जैसी महत्वपूर्ण योजना का विलय किया गया?

(a) JGSY (b) SGSY

(c) PMGAY (d) EAS

14. निम्न में से कौन-सी योजना गरीबी उन्मूलन से संबंधित नहीं है?

(a) PMRY (b) KCC

(c) SGRY (d) SGSY

15. अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह में निर्धनता रेखा का आकलन किस राज्य की निर्धनता रेखा के आधार पर किया गया है?

(a) केरल (b) पुदुचेरी

(c) तमिलनाडु (d) आंध्र प्रदेश

16. जुलाई 2013 में जारी, 2011-12 के लिए निर्धनता आंकड़े NSSO के किस दौर पर आधरित थे?

(a) 67वें दौर पर (b) 68वें दौर पर

(c) 65वें दौर पर (d) उक्त में से कोई नहीं

17. प्रच्छन्न बेरोज़गारी का उल्लेख किनके लिए होता है?

(a) जो लोग बेरोज़गारी हैं

(b) जिनकी सीमान्त उत्पादकता शून्य होती है।

(c) महिलाओं की बेरोज़गारी

(d) 60 वर्ष की आयु से अधिक लोगों की बेरोज़गारी

18. संपूर्ण रोजगार की स्थिति में भी किस प्रकार की बेरोज़गारी पैदा हो सकती है?

(a) संरचनात्मक बेरोज़गारी (b) कार्यात्मक बेरोज़गारी

(c) आवर्ती बेरोज़गारी (d) प्रच्छन्न बेरोज़गारी

19. सापेक्ष निर्धनता का अर्थ एक ऐसी स्थिति से है जिसमें-

(a) एक व्यक्ति दूसरों से आय में पीछे रह जाता है

(b) एक व्यक्ति जीवन के लिए आवश्यक सामान हासिल नहीं कर पाता है।

(c) व्यक्ति गरीबी रेखा के नीचे है।

(d) व्यक्ति विकसित देशों के गरीबों से भी गरीब है।

20. अन्त्योदय कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था-

(a) अनुसूचित जनजातियों के जीवन स्तर में सुधार करना

(b) अनुसूचित जातियों के जीवन स्तर में सुधार करना

(c) गरीबी में सबसे अधिक गरीबों को मदद करना

(d) शहरी गरीबी को दूर करना

21. ट्राइसम (TRYSEM) योजना किससे संबंधित थी?

(a) युवा स्नातकों को रोजगार से

(b) ग्रामीण महिलाओं के स्वरोजगार से

(c) शहरी युवकों के स्वरोजगार से

(d) ग्रामीण युवकों के स्वरोजगार से

22. भारत में बेरोज़गारी की समस्या का कारण है-

(a) शिक्षा का अव्यवस्थित विकास एवं व्यवसायिक शिक्षा का अभाव

(b) आर्थिक विकास की धीमी गति

(c) रोजगार सृजन के कार्यक्रमों की अपर्याप्त संख्या

(d) उपरोक्त सभी

23. सर्वाधिक निर्धनता (% मे) वाले राज्यों का सही क्रम है-

(a) बिहार, अरूणाचल, केरल, जम्मूकश्मीर, तमिलनाडु

(b) छत्तीसगढ, झारखण्ड, गोवा, अरूणाचल, बिहार

(c) छत्तीसगढ, मणिपुर, ओडिशा, म.प्र., झारखण्ड

(d) निम्न मे से कोई नही।

24. रंगराजन समिति के अनुसार भारत मे गरीबी का प्रतिशत है-

(a) 29.50 (b) 26.50

(c) 25.50 (d) 30.00

25. राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम अन्य रोजगार कार्यक्रमों से अलग है, क्योंकि-

(a) यह शहरी क्षेत्रों में भी लागू होता है

(b) एक वित्तीय वर्ष में इसमें 200 दिन के रोजगार की गारंटी है

(c) रोजगार के आवेदन से एक महीने में रोजगार देना होता है

(d) यह रोजगार की एक योजना न होकर कानूनी व्यवस्था है

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (a) | **3.** (a) | **4.** (c) | **5.** (c) | **6.** (a) | **7.** (b) | **8.** (c) | **9.** (b) | **10.** (b) |
| **11.** (d) | **12.** (d) | **13.** (b) | **14.** (b) | **15.** (c) | **16.** (b) | **17.** (b) | **18.** (c) | **19.** (a) | **20.** (c) |
| **21.** (a) | **22.** (d) | **23.** (c) | **24.** (a) | **25.** (d) | | | | | |

** कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*

*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

## जनगणना—2011

1. वर्ष 2011 की जनगणना का विषय था-
   (a) हमारी जनगणना, हमारा विकास
   (b) हमारी जनगणना, हमारा भविष्य
   (c) हमारी जनगणना, हमारा दायित्व
   (d) निम्न मे से कोई नही।

2. न्यूनतम व अधिकतम साक्षरता दर वाले केन्द्रशसित प्रदेश क्रमश-
   (a) लक्षद्वीप व दादर नागर हवेली
   (b) पुडुचेरी व दिल्ली
   (c) दादर नागर हवेली व लक्षद्वीप
   (d) निम्न में से कोई नही।

3. 10 मिलियन से अधिक जनसंख्या वाले नगरों को कहा जाता है-
   (a) मेगा सिटी (b) महानगर
   (c) वृहद नगर (d) उक्त सभी

4. भारतीय नगरों को जनसंख्या के आधार पर कितनी श्रेणी में बांटा जाता है?
   (a) 4 श्रेणी में (b) 5 श्रेणी में
   (c) 6 श्रेणी में (d) 7 श्रेणी में

5. भारत की गंदी बस्तियों की विशेषता है-
   (a) गरीबी, कुपोषण, बीमारी
   (b) खराब स्वास्थ्य, सफाई का कुप्रबंध
   (c) निम्न जीवन शैली, निरक्षरता, प्रदूषण
   (d) उपरोक्त सभी

6. जनगणना 2011 के अनुसार देश में मेगा सिटी की श्रेणी में शामिल है-
   (a) वृहद मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई
   (b) वृहद मुम्बई, दिल्ली, कोलकत्ता
   (c) वृहद मुम्बई, चेन्नई, कोलकत्ता
   (d) वृहद मुम्बई, दिल्ली, चेन्नई

7. माल्थस जनसंख्या सिद्धान्त के अनुसार जनसंख्या की वृद्धि दर है-
   (a) गुणोत्तर होती है
   (b) समानान्तर होती है
   (c) वृद्धात्मक होती है
   (d) निम्नस्तरीय होती है

8. भारतीय जनगणना के इतिहास में महान विभाजक वर्ष माना जाता है-
   (a) 1911 (b) 1921
   (c) 1951 (d) 1991

9. सर्वाधिक दशकीय वृद्धि दर वाला राज्य है-
   (a) अरूणाचल (b) केरल
   (c) मेघालय (d) उत्तर प्रदेश

10. सर्वाधिक साक्षरता वाले धर्मों का सही क्रम है-
   1. बौद्ध 2. सिख
   3. ईसाई 4. हिन्दु

   **कूटः**
   (a) 2, 3, 4, 1 (b) 1, 2, 3, 4
   (c) 3, 2, 1, 4 (d) 3, 4, 2, 1

11. सर्वाधिक लिंगानुपात वाला धर्म है-
   (a) जैन (b) हिन्दु
   (c) मुस्लिम (d) ईसाई

12. आश्रितता अनुपात किस आयु वर्ग से संबंधित है?
   (a) 0 से 14 वर्ष तक की आयु वर्ग
   (b) 60 वर्ष से ऊपर तक की आयु वर्ग
   (c) 65 वर्ष से ऊपर तक की आयु वर्ग
   (d) a और b सही है

13. साक्षरता दर के अन्तर्गत किस आयु वर्ग को शामिल किया जाता है?
   (a) 6 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग को
   (b) 7 वर्ष या उससे अधिक आयु वर्ग को
   (c) 21 वर्ष तक की आयु वर्ग को
   (d) उक्त में से कोई नहीं

14. लिंग अनुपात मापने का सूत्र है-
   (a) $\text{लिंग अनुपात} = \frac{\text{महिलाओं की कुल संख्या}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 100$
   (b) $\text{लिंग अनुपात} = \frac{\text{महिलाओं की कुल संख्या}}{\text{पुरूषों की कुल संख्या}} \times 100$
   (c) $\text{लिंग अनुपात} = \frac{\text{महिलाओं की कुल संख्या}}{\text{कुल जनसंख्या}} \times 100$
   (d) उक्त में से कोई नहीं

15. आश्रितता अनुपात के सूत्र $\left(DR = \frac{D}{W}K\right)$ में 'K' से तात्पर्य है-
   (a) कुल कार्यशील जनसंख्या
   (b) कुल आश्रित जनसंख्या
   (c) आश्रित अनुपात को 1000 में व्यक्त करता है
   (d) आश्रितता अनुपात

16. भारतीय जनगणना के संदर्भ में असत्य कथन का चयन करे-
   1. सर्वप्रथम जनगणना कराने का श्रेय लार्ड मेयो (1872 ई.) को जाता है
   2. 10 वर्ष के अंतराल में जनगणना कराने का श्रेय लार्ड रिपन (1881) को जाता है।

3. 2011 की जंनसंख्या स्वतन्त्र भारत की आठवी जनगणना है
4. 2011 की जनगणना अब तक भारत की 16वी जनगणना है
5. 2021 की जनगणना भारत की 17वी जनगणना होगी।

**कूट:**

(a) 4, 2, 5 (b) 1, 3, 5
(c) 3, 4, 5 (d) 2, 3, 4, 5

**17.** जनगणना संबंधी कार्यों का दायित्व जिन अधिकारियों/निदेशक पर होता है, उनका सही क्रम क्या है–

1. मुख्य नगर अधिकारी 2. जिलाधीश
3. क्षेत्रीय उपनिदेशक 4. जनगणना निदेशक
5. महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त

**कूट:**

(a) 4, 5, 1, 2, 3 (b) 4, 3, 2, 1, 5
(c) 5, 4, 3, 2, 1 (d) 4, 5, 3, 2, 1

**18.** 'जनगणना अधिनियम' पारित कर जनगणना को वैधानिक मान्यता किस वर्ष प्रदान की गयी?

(a) 1948 (b) 1930
(c) 1951 (d) 1947

**19.** जनगणना विभाग का गठन किस मंत्रालय के अधीन किया गया है?

(a) वित्त मंत्रालय
(b) गृह मंत्रालय
(c) महिला एवं स्वास्थ्य कल्याण मंत्रालय
(d) प्रधानमंत्री कार्यालय

**20.** प्राचीनतम जनगणना के प्रमाण मिलते है–

(a) अबुल फजल की आइने अकबरी में
(b) कौटिल्य के अर्थशास्त्र में
(c) रोमन साम्राज्य के कैडेस्ट्रेल सर्वे में
(d) उपरोक्त सभी

**21.** जनांकिकीय लाभांश से तात्पर्य है–

(a) जनसंख्या में शिक्षित लोगों की अधिकता
(b) जनसंख्या में कार्यकारी जनसंख्या की अधिकता
(c) जनसंख्या में शिक्षित एवं स्वस्थ्य व्यक्तियों की अधिकता
(d) उक्त में से कोई नहीं

**22.** नगरीय क्षेत्र में शामिल है–

(a) नगर पालिका
(b) नगर निगम
(c) छावनी बोर्ड
(d) उक्त सभी

**23.** शिशु मृत्यु दर प्राप्त की जाती है–

(a) 1 वर्ष में मृत पैदा हुए बच्चों की संख्या
(b) 1 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की मृत्यु संख्या और उसी वर्ष सजीव जन्मे बच्चों की संख्या का अनुपात
(c) किसी निश्चित वर्ष में 1 वर्ष से कम आयु वाले बच्चों की मृत्यु दर
(d) उपरोक्त सभी सही है।

**24.** शिशु लिंगानुपात किस आयु वर्ग से संबंधित है?

(a) 0–1 वर्ष
(b) 0–5 वर्ष
(c) 0–6 वर्ष
(d) 0–3 वर्ष

**25.** दशकीय वृद्धि दर से तात्पर्य है–

(a) 10 वर्षों के मध्य जनसंख्या में हुई प्रतिशत वृद्धि
(b) 10 वर्षों के मध्य मृत्यु दर को घटाने के बाद प्राप्त हुआ प्रतिशत
(c) a और b दोनों सही है
(d) a और b दोनों असत्य है

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (b) | **2.** (c) | **3.** (a) | **4.** (c) | **5.** (d) | **6.** (b) | **7.** (a) | **8.** (b) | **9.** (c) | **10.** (c) |
| **11.** (d) | **12.** (d) | **13.** (b) | **14.** (b) | **15.** (c) | **16.** (c) | **17.** (c) | **18.** (a) | **19.** (b) | **20.** (d) |
| **21.** (b) | **22.** (d) | **23.** (b) | **24.** (c) | **25.** (a) | | | | | |

** कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*

# आर्थिक समीक्षा 2016-17 एवं बजट 2017-18

1. आर्थिक समीक्षा तैयार करने वाला मंत्रालय है-
   (a) वित्त मंत्रालय
   (b) नीति आयोग/योजना आयोग
   (c) राष्ट्रीय विकास परिषद
   (d) निम्न में से कोई नहीं

2. आर्थिक समीक्षा के सन्दर्भ में सत्य कथन का चुनाव कीजिए-
   1. यह बीते 12 महीने की सम्पूर्ण अर्थव्यवस्था की समीक्षा है।
   2. आर्थिक समीक्षा, वित्त मंत्रालय का फ्लैगशिप वार्षिक दस्तावेज है।
   3. इस दस्तावेज को तैयार करने की जिम्मेदारी मुख्य आर्थिक सलाहकार अपनी टीम के साथ मिलकर करता है।
   4. आर्थिक समीक्षा वित्त मंत्री द्वारा लोक सभा में प्रस्तुत की जाती है।
   5. आर्थिक समीक्षा 2017-18 महत्वपूर्ण है, क्योंकि नोटबन्दी के बाद प्रस्तुत की गयी है।
   6. आर्थिक समीक्षा को बजट से एक दिन पूर्व प्रस्तुत करने की परम्परा है।

   **कूटः**
   (a) 1 2 6 (b) 1 5 6
   (c) 1 4 5 6 (d) 1 2 3 6

3. आर्थिक समीक्षा 2016-17 में जीडीपी वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए प्रस्तावित है-
   (a) 7.1 (b) 7.5 (c) 7.6 (d) 7.2

4. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में जीडीपी वृद्धि दर सर्वाधिक रही?
   (a) 2011-12 (b) 2013-14
   (c) 2014-15 (d) 2015-16

5. द्वितीय क्षेत्र में निम्न में से किस उप समूह को शामिल किया जाता है?
   1. बिजली, जल व गैस आपूर्ति
   2. विनिर्माण
   3. वित्त व बीमा
   4. रियल स्टेट
   (a) 1, 3, 4 (b) 1, 2
   (c) 3, 4 (d) 1, 4

6. आर्थिक समीक्षा 2016-17 के अनुसार द्वितीय क्षेत्र के किस उपक्षेत्र में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की?
   (a) निर्माण (b) रियल स्टेट
   (c) बीमा (d) खनन व उत्खनन

7. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में प्राथमिक क्षेत्र (कृषि, वानिकी एवं मात्स्यिकी) की वृद्धि दर नकारात्मक रही?
   (a) 2014-15 (b) 2013-14
   (c) 2012-13 (d) 2015-16

8. वित्तीय वर्ष 2016-17 में तृतीयक क्षेत्र के किस उपक्षेत्र की वृद्धि दर सर्वाधिक रही?
   (a) व्यापार
   (b) होटल
   (c) लोक प्रशासन, रक्षा
   (d) व्यावसायिक सेवायें

9. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में तृतीयक क्षेत्र की वृद्धि दर सर्वाधिक रही?
   (a) 2014-15 (b) 2015-16
   (c) 2012-13 (d) 2016-17

10. वित्तीय वर्ष 2015-16 में सकल पूंजी निर्माण दर 29.3 प्रतिशत (जीडीपी के % के रूप में) थी जो वर्ष 2016-17 में-
    (a) बढ़कर 30 प्रतिशत हो गयी
    (b) घटकर 26.6 प्रतिशत हो गयी
    (c) बढ़कर 33.3 प्रतिशत हो गयी
    (d) सकल पूंजी निर्माण दर स्थिर रही

11. आर्थिक समीक्षा 2016-17 में भारत के निर्यात में वृद्धि देखने को मिली, जबकि आयात वृद्धि दर-
    (a) नकारात्मक रही
    (b) सकारात्मक रही
    (c) भारतीय आयात में की वृद्धि दर पिछले 3 वर्षों के सापेक्ष सर्वाधिक रही।
    (d) वैश्विक मंदी के कारण सस्ते वस्तुओं के चलते भारत के आयात में वृद्धि देखने को मिली।

12. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय घाटा शीर्ष पर रहा?
    (a) 2016-17 (b) 2015-16
    (c) 2013-14 (d) 2012-13

13. निम्नतम् राजकोषीय घाटा वाला वित्तीय वर्ष है-
    (a) 2016-17 (b) 2012-13
    (c) 2014-15 (d) 2015-16

14. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) में किस वस्तु का भारांश सर्वाधिक है?
    (a) आवास
    (b) ईंधन और प्रकाश
    (c) कपड़े और जूते-चप्पल
    (d) पान व तम्बाकू

15. सीपीआई में खाद्य और पेय पदार्थों का भारांश है-
    (a) 25 प्रतिशत (b) 35 प्रतिशत
    (c) 45 प्रतिशत (d) 65 प्रतिशत

16. वित्तीय वर्ष 2014-15 में सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति दर 5.9 प्रतिशत थी जो वित्तीय वर्ष 2015-16 में-
(a) बढ़कर 6.5 प्रतिशत हो गयी।
(b) बढ़कर 6 प्रतिशत के आंकड़े को पार कर गयी।
(c) घटकर 4.9 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी।
(d) घटकर 4.5 प्रतिशत के स्तर पर आ गयी।

17. थोक मूल्य सूचकांक पर आधरित मुद्रास्फीति की दर नकारात्मक रही-
(a) वित्तीय वर्ष 2014-15 में
(b) वित्तीय वर्ष 2015-16 में
(c) वित्तीय वर्ष 2016-17 में
(d) थोक मूल्य सूचकांक में मुद्रास्फीति की दरे ऋणात्मक नहीं हो सकती है।

18. एम.पी.सी. का गठन किया गया-
(a) वित्त अधिनियम, 2016 द्वारा आरबीआई अधिनियम 1935 में संशोधन कर
(b) वित्त अधिनियम, 2015 द्वारा आरबीआई अधिनियम 1934 में संशोधन कर
(c) वित्त अधिनियम, 2016 द्वारा आरबीआई अधिनियम 1934 में संशोधन कर
(d) एम.पी.सी. का गठन आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की अनुमति पर हुआ।

19. निम्न में से कौन एम.पी.सी. के सदस्य हैं?
(a) अरूण जेटली
(b) नीति आयोग के उपाध्यक्ष
(c) प्रो. चेतन घाटे
(d) सी. रंगराजन

20. भारत के शीर्ष तीन आयात गंतव्य देशों में कौन शामिल है (2016-17 के अनुसार)?
(a) सऊदी अरब, चीन, यूएई
(b) चीन, यूएई, इराक
(c) चीन, अमेरिका, सऊदी अरब
(d) चीन, इराक, ईरान

21. व्यापार घाटे की स्थिति बनती है-
(a) वस्तुओं और सेवाओं का आयात अधिक हो।
(b) निर्यात के सापेक्ष वस्तुओं और सेवाओं का आयात अधिक हो।
(c) वस्तुओं के निर्यात के सापेक्ष वस्तुओं का आयात कम हो।
(d) वस्तुओं का आयात, वस्तुओं के निर्यात से अधिक है।

22. चालू खाते के घाटे में शामिल मदें हैं-
(a) दृश्य मदें
(b) अदृश्य मदें
(c) पेट्रोलियम उत्पाद व साफ्टवेयर
(d) उपरोक्त सभी

23. चालू खाते के घाटे के प्रतिशत में कमी दर्शाता है-
(a) दृश्य मदों का आयात बढ़ा है।
(b) अदृश्य मदों का आयात बढ़ा है।
(c) देश में वस्तुओं के आयात के सापेक्षा वस्तुओं का निर्यात बढ़ा है।
(d) देश में दृश्य व अदृश्य मदों के आयात के सापेक्ष इनका निर्यात बढ़ा है।

24. निम्न में से किस वित्तीय वर्ष में चालू खाते का घाटा सर्वाधिक रहा?
(a) 2013-14
(b) 2014-15
(c) 2015-16
(d) चालू खाते के लगातार वृद्धि दृष्टिगोचर हो रही।

25. वर्तमान में भारत का कुल विदेशी (बिलयन डॉलर में) ऋण है-
(a) 300 से 350 के मध्य
(b) 350 से 400 के मध्य
(c) 400 से 550 के मध्य
(d) 450 से 500 के मध्य

26. देश के चालू खाते में कमी का प्रमुख कारण है-
(a) ब्रेक्जिट
(b) चीन में मंदी
(c) अन्तर्राष्ट्रीय बाज़ारों में कच्चे तेल के मूल्य में कमी
(d) भारत में मेक इन इंडिया योजना की सफलता

27. वित्तीय वर्ष 2016-17 में कृषि ऋण अनुमानित था-
(a) 7.5 लाख करोड़
(b) 8 लाख करोड़
(c) 8.5 लाख करोड़
(d) 9 लाख करोड़

28. निम्न में से कौन सा क्षेत्र कोर क्षेत्र में शामिल है?
(a) कोयला
(b) ऊनी व सूती वस्त्र
(c) नमक व चीनी
(d) परिवहन

29. निम्न में से किस आधारभूत उद्योग की वृद्धि दर सर्वाधिक रही?
(a) इस्पात, रिफाइनरी उत्पाद, विद्युत उत्पाद
(b) चीनी, कपास, परिवहन
(c) निर्माण, विनिर्माण, विद्युत उत्पाद
(d) इस्पात, कोयला, सीमेन्ट

30. भारत में सर्वाधिक विदेशी पर्यटक आकर्षित करने वाले राज्यों का सही क्रम है-

1. राजस्थान   2. दिल्ली
3. उ.प्र.   4. महाराष्ट्र
5. प. बंगाल

**कूट:**
(a) 4, 3, 2, 5, 1   (b) 4, 1, 2, 3, 5
(c) 4, 2, 1, 5, 4   (d) 1, 2, 3, 4, 5

31. वर्तमान में देश का कुल विदेशी ऋण जीडीपी का कितने प्रतिशत है?
(a) 15 से 20 प्रतिशत
(b) 20 से 25 प्रतिशत
(c) 25 से 30 प्रतिशत
(d) 10 से 15 प्रतिशत

32. आर्थिक समीक्षा 2016-17 (अप्रैल-दिसम्बर) के अनुसार किस आधारभूत उद्योग का प्रदर्शन सर्वाधिक निराशाजनक रहा?
(a) कोयला
(b) उर्वरक
(c) कच्चा तेल
(d) सभी

33. निम्न में से सर्वाधिक एफडीआई आकर्षित करने वाले क्षेत्र है-
(a) सेवा क्षेत्र
(b) कम्प्यूटर साफ्टवेयर व हार्डवेयर
(c) दूरसंचार
(d) सभी

34. श्रम ब्यूरो के अनुसार 2015-16 की स्थिति में देश में व्याप्त बेरोज़गारी दर का प्रतिशत है-
(a) 5.0   (b) 6.0   (c) 4.5   (d) 6.5

35. वर्तमान में प्राथमिक क्षेत्र में रोजगार सृजन का प्रतिशत है—
(a) 40 प्रतिशत
(b) 46 प्रतिशत
(c) 55 प्रतिशत
(d) 60 प्रतिशत

36. वर्तमान में (बजट 2016-17) शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में जीडीपी का कितने प्रतिशत धन आवंटित किया गया है?
(a) क्रमश: 2.9 व 1.4
(b) क्रमश: 4 व 5.5
(c) क्रमश: 3.5 व 5
(d) क्रमश: 2.5 व 1.9

37. वर्तमान में देश के NPA की स्थिति के सन्दर्भ में कौन सा कथन असत्य है?
(a) आर्थिक समीक्षा 2016-17 के अनुसार सितम्बर-2016 तक बैंकों का NPA 8 प्रतिशत तक हो गया।
(b) कुल NPA का 80 प्रतिशत सार्वजनिक बैंकों का है।
(c) सार्वजनिक बैंकों में बढ़ते NPA के कारण बैंकों के शेयरों की कीमते बहुत नीचे आ गयी।
(d) बैंकों में बढ़ते NPA का प्रमुख कारण विमुद्रीकरण रहा।

38. निम्न में से रोजगार सृजन करने वाले क्षेत्रों का सही क्रम है-
(a) प्राथमिक, तृतीयक, द्वितीयक
(b) प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक
(c) तृतीयक, द्वितीयक, प्राथमिक
(d) निम्न में से कोई नहीं

39. वर्तमान में कौन से क्षेत्र रोजगार दृष्टि से कमजोर रहे?
(a) रत्न व आभूषण
(b) हैंडलूम
(c) चमड़ा
(d) उपरोक्त सभी

40. भारत में आने वाले विदेशी पर्यटक (दिसम्बर-2016) निम्न में से किस एशियाई देश से सर्वाधिक आते है?
(a) श्रीलंका
(b) बांग्लादेश
(c) नेपाल
(d) भूटान

41. गरीबी व बेरोज़गारी से संबंधित आंकड़े जारी किये जाते है—
(a) योजना आयोग
(b) ग्रामीण व कृषि मंत्रालय
(c) श्रम ब्यूरो
(d) निम्न में से कोई नहीं

42. औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष है?
(a) 2004-05   (b) 1993-94
(c) 2011-12   (d) निम्न में से कोई नहीं

43. निम्न में से सर्वाधिक एफडीआई आकर्षित करने वाले क्षेत्र रहे है-
(a) बैंक   (b) सेवा क्षेत्र
(c) परिवहन   (d) दूरसंचार

44. ग्रामीण क्षेत्र में महिला बेरोज़गारी की दर है-
(a) 7.8 प्रतिशत   (b) 12 प्रतिशत
(c) 15 प्रतिशत   (d) 5 प्रतिशत

45. निम्न में से भारतीय अर्थव्यवस्था को सर्वाधिक प्रभावित करने वाले वैश्विक घटना है–
   (a) ब्रेक्जिट
   (b) वेनेजुएला में मुद्रास्फीति की चरम सीमा
   (c) सऊदी अरब का वित्तीय संकट
   (d) पश्चिमी एशिया में राजनैतिक अस्थिरता

46. पवन विद्युत क्षमता में भारत का सम्पूर्ण विश्व में स्थान है–
   (a) प्रथम (b) द्वितीय
   (c) तृतीय (d) चर्तुथ

47. अंतर्राष्ट्रीय सौर समझौता है–
   (a) अमेरिका की पहल पर सौर संसाधनों में समृद्ध देशों का एक गठबंधन।
   (b) भारत की पहल पर सौर संसाधनों में समृद्ध देशों का एक गठबंधन।
   (c) पेरिस जलवायु समझौते के अंतर्गत तैयार किया गया समझौता।
   (d) विकासशील देशों द्वारा सौर संसाधनों के विकास हेतु तैयार मंच।

48. स्वच्छ ऊर्जा उपकर आरोपित किया जाता है–
   (a) डीजल गाड़ियों पर
   (b) 10 वर्ष पुराने चार पहिया वाहनों पर
   (c) कोयला खनन पर
   (d) एनजीटी (राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण) द्वारा भारी वाहनों पर

49. निम्न में से किस राज्य में रहने वाली 60 प्रतिशत महिलाये अनीमियाँ (खून की कमी) से पीडित है?
   (a) उत्तर प्रदेश व बिहार
   (b) झारखण्ड व बिहार
   (c) उड़ीसा व बिहार
   (d) हरियाणा व पशिचम बंगाल

50. निम्न में से किस फसल का कवर क्षेत्र सर्वाधिक बढ़ा है?
   (a) गन्ना (b) अरहर
   (c) जूट (d) कपास

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (a) | **2.** (d) | **3.** (c) | **4.** (d) | **5.** (b) | **6.** (d) | **7.** (a) | **8.** (c) | **9.** (a) | **10.** (b) |
| **11.** (a) | **12.** (d) | **13.** (a) | **14.** (a) | **15.** (c) | **16.** (c) | **17.** (b) | **18.** (c) | **19.** (c) | **20.** (c) |
| **21.** (d) | **22.** (d) | **23.** (d) | **24.** (a) | **25.** (d) | **26.** (c) | **27.** (d) | **28.** (a) | **29.** (a) | **30.** (a) |
| **31.** (b) | **32.** (d) | **33.** (d) | **34.** (a) | **35.** (b) | **36.** (a) | **37.** (d) | **38.** (a) | **39.** (d) | **40.** (b) |
| **41.** (c) | **42.** (b) | **43.** (b) | **44.** (a) | **45.** (a) | **46.** (d) | **47.** (b) | **48.** (c) | **49.** (d) | **50.** (b) |

**कृप्या इन सवालों के स्पष्टीकरण के लिए*
*लॉग इन करें: www.pearsoned.co.in/SamanyaAdhyayan/Paper1*